दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली।। शनिवार 06 जुलाई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 267 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## अपराधी पैदा नहीं होते, बनाए जाते हैं : सुप्रीम कोर्ट

### हर संत का अतीत होता है और पापी का भविष्य




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अपराधी पैदा नहीं होते, बल्कि बनाए जाते हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने की। साल 2020 का ये मामला नकली नोटों की तस्करी से जुड़ा हुआ है। एनआईए ने फरवरी 2020 में मुंबई के अंधेरी इलाके से 2 हजार के 1193 नकली नोटों (इंडियन करेंसी) के साथ एक युवक को हिरासत में लिया था। एजेंसी ने दावा किया था कि इन नकली नोटों को तस्करी के जरिए पाकिस्तान से मुंबई लाया गया था। बीते 4 साल से युवक एनआईए की हिरासत में है। 5 फरवरी 2024 को उसने मुंबई हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद युवक ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

कोर्ट ने कहा कि हर संत का अतीत होता है और पापी (अपराधी) का भविष्य होता है। जब कोई क्राइम होता है तो उसके पीछे कई कारण होते हैं।

बेंच ने कहा- क्राइम के पीछे कई कारण होते हैं सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि हर किसी में मानवीय क्षमता अच्छी होती है। इसलिए ये नहीं मानना चाहिए कि अभी जो अपराधी है, वे भविष्य में सुधर नहीं सकते। अक्सर अपराधियों, किशोर (टीनेजर) और वयस्क (युवा) के साथ व्यवहार करते समय मानवतावादी मूल सिद्धांत छूट जाते हैं। बेंच ने कहा कि जब कोई क्राइम होता है तो उसके पीछे कई कारण होते हैं। चाहे वो सामाजिक और आर्थिक हो, माता-पिता की उपेक्षा का परिणाम हो, अपनों की अनदेखी का कारण हो, विपरीत परिस्थितियों, गरीबी, संपन्नता के अभाव और लालच हो सकते हैं। बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता बीते 4 साल से हिरासत में है। हमें आश्चर्य है कि यह केस कब खत्म होगा। बेंच ने चिंता जताते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 अपराध की प्रकृति से परे लागू होता है। बेंच ने कहा कि अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, आरोपी को भारत के संविधान के तहत तत्काल सुनवाई का अधिकार है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने दी अपराधी को जमानत

बेंच ने अपने फैसले में कहा कि तत्काल सुनवाई अपराधी का मूल अधिकार है। एजेंसी उसकी जमानत याचिका इस आधार पर विरोध नहीं कर सकती कि अपराध गंभीर है। मामले में इसका उल्लंघन किया गया है, जिससे संविधान के अनुच्छेद 21 का वॉयलेशन होता है। कोर्ट ने आरोपी को मुंबई शहर नहीं छोड़ने और हर 15 दिन में एनआईए ऑफिस या फिर पुलिस स्टेशन में उपस्थिति दर्ज कराने की शर्त पर जमानत दी। इसी मामले में आरोपी के दो साथी पहले से जमानत पर बाहर हैं।

## डीजीपी की कांवड़ यात्रा बैठक से पहले एक्शन मोड में कमिश्नरेट पुलिस

### अधिकारियों ने किया दूधेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज मेरठ में उत्तर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी यूपी पुलिस प्रशांत कुमार आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक करेंगे। कांवड़ यात्रा की बैठक से पूर्व शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी और घंटाघर थाना प्रभारी रवि बालियान ने पुलिस बल के साथ दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण किया। जहां पर आगामी सावन कांवड़ यात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर महंत नारायण गिरी से बातचीत की गई। इसके साथ ही मंदिर परिसर में सीसीटीवी की व्यवस्था से लेकर सुरक्षा के लिहाज से एंट्री-एग्जिट प्वाइंट और शिव भक्तों के आने जाने के मार्ग का निरीक्षण भी किया।

#### बोले मंहत नारायण गिरी, हम करेंगे पूरा सहयोग




**करंट क्राइम।** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने कहा है कि जिस तरीके से बीते दिनों हादसा हुआ है, उसको लेकर हम पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक वाले दिन महिलाओं एवं पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग लाइन लगाने के साथ ही बड़ी संख्या में वॉलंटियर और मंदिर समिति से जुड़े स्वयंसेवकों को सहयोग में ड्यूटी के रूप में लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि मंदिर में बड़ी संख्या में सीसीटीवी और स्क्रीन की व्यवस्था भी की जाएगी।

#### सीपी ने ली अधिकारियों की बैठक

**करंट क्राइम।** आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कमिश्नर अजय मिश्र ने तैयारियों को तेज कर दिया है। शुक्रवार की रात पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के सभी एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक की। इसमें रूट मैप से लेकर मार्ग पर लगने वाले कैमरों के साथ ही रूट डायवर्जेंट और अन्य व्यवस्थाओं पर फोकस किया गया है। बता दें कि शनिवार को मेरठ में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा राज्य के पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी।

## पुलिस कमिश्नरेट में आई पहली ऐसी लिस्ट, जिसमें किसी को नहीं भेजा गया लाइन और नहीं हुआ कोई सस्पेंड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में गुरुवार की रात एक तबादला लिस्ट जारी हुई। इस तबादला लिस्ट में तीन थानों के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हुआ, तो कुछ को साइड लाइन किया गया। सूत्रों ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में यह पहली ऐसी लिस्ट है, जिसमें थानों से हटे प्रभारी लाइन नहीं भेजे गए और कोई सस्पेंड वाली कार्रवाई नहीं हुई। इससे पूर्व की जो भी प्रभारियों वाली बड़ी लिस्ट आई है, उसमें थाने से हटने वाले या तो लाइन जाते हैं या उनको सस्पेंड वाली कार्रवाई का शिकार होना पड़ता है।



| क्र0 सं0 | पी0एन0ओ0 | नाम निरीक्षक/उप निरीक्षक | कहाँ से | कहाँ को |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 102110052 | श्री जितेन्द्र सिंह | प्रभारी निरीक्षक, खोड़ा | ग्रामीण जोन |
| 2 | 962029075 | श्री राजकुमार गिरि | प्रभारी निरीक्षक, टीलामोड़ | नगर जोन |
| 3 | 152290960 | उ0नि0 रवीश कुमार शर्मा | थानाध्यक्ष, मधुबन बापूधाम | प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ, पुलिस आयुक्त |
| 4 | 962490185 | श्री शैलेन्द्र सिंह तोमर | प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ, पुलिस आयुक्त | थानाध्यक्ष, मधुबन बापूधाम |
| 5 | 912011545 | श्री करतार सिंह | चौ0प्र0 गोविन्दपुरम थाना कविनगर | थानाध्यक्ष टीलामोड़ |
| 6 | 012410141 | श्री आनन्द प्रकाश मिश्र | प्रभारी आईजीआरएस प्रकोष्ठ | प्रभारी निरीक्षक खोड़ा |

#### श्वेता यादव संभालेंगी अब कांवड़ यात्रा की जिम्मेदारी



**करंट क्राइम।** लंबे समय तक पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में एसीपी ऑफिस की जिम्मेदारी संभालने वाली श्वेता यादव को कांवड़ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ-साथ वो क्राइम पर भी काम करेंगी। इससे पूर्व वह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। उन्होंने ही 26 जनवरी के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर अन्य कार्यक्रमों को फाइनल करवाने में योगदान दिया था। चुनाव के दौरान भी कई महत्वपूर्ण रूपरेखा उनके द्वारा काम करके ऊपर अधिकारियों को फाइनल रिपोर्ट भेजी गई थी। उनको कांवड़ जैसी बड़ी यात्रा को लेकर भरोसा जताया गया है। बताया जाता है कि वह बरेली में भी बहतर कार्य कर चुकी हैं।

#### रितेश त्रिपाठी बने एसीपी कोतवाली, कई के कार्यक्षेत्र बदले



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एसीपी घंटाघर कोतवाली प्रियाश्री पाल को एसीपी अकाउंट बनाया गया है। तो वही घंटाघर कोतवाली का प्रभार रितेश त्रिपाठी को दिया गया है। जानकारी है कि इससे पहले कांवड़ यात्रा की कमान संभाल रहे रितेश त्रिपाठी की जगह अब यह जिम्मेदारी एसीपी श्वेता यादव को दी गई है। इसके साथ ही श्वेता यादव ही क्राइम का भी प्रभाव देखेंगी। रितेश त्रिपाठी इससे पूर्व एसीपी मोदीनगर, कविनगर, ट्रैफिक सहित अन्य बड़े आयोजन और रामलीला जैसे मेले सफलता पूर्वक आयोजित करवा चुके है।

## सोसायटी में गिरी लिफ्ट, युवक की मौत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में निमार्णाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट में फंसकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक युवक की उम्र 30 साल थी जो जिला वैशाली बिहार का रहने वाला था। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया की गाजियाबाद के थाना नंदग्राम के राजनगर एक्सटेंशन में बन रही हितैषी हाइट बिल्डिंग की लिफ्ट में फंसकर एक मजदूर की मौत हो गई। पहचान करने पर मजदूर का नाम सोनू दास पुत्र भातू दास उम्र 30 वर्ष पता चला है। सोनू यहां पर 5 महीने से मजदूरी कर रहा था जो की मूल रूप से जिला वैशाली बिहार का रहने वाला था।

#### इसलिए जरूरी है लिफ्ट एक्ट

**करंट क्राइम।** नए एक्ट के मुताबिक लिफ्टों में ऑटोमैटिक रेस्क्यू डिवाइस और सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है। साथ ही अब एनुअल मेंटनेंस कॉन्ट्रैक्ट करना अनिवार्य है, जिसका मतलब यह है कि अब बिल्डर और एओए को नियमित तौर पर लिफ्ट की जांच करानी होगी और इसकी जानकारी प्राधिकरण को देनी होगी। आपातकालीन स्थिति में किसी के फंसने और सुरक्षित बाहर निकालने के लिए साल में दो बार माक ड्रिल कराना होगा।

#### लिफ्ट से ईंट ले जा रहा था

पुलिस की जांच में सामने आया है की सोनू माल वाहक लिफ्ट में ईट ले जा रहा था। इस दौरान जब वह लिफ्ट से ईट उतर रहा था तब अचानक से लिफ्ट चल गई। लिफ्ट चलने से सोनू उसमें फंस गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दैनिक करंट क्राइम के डिजिटल आमना-सामना में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के तेवर दिखे धारदार

## जनता को छल कर ले लिये सपा-कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में वोट









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम के डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत हो चुकी है। दैनिक करंट क्राइम के डिजिटल मुख्यालय पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी और डिजिटल हैड दीपक जोशी ने किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आमना-सामना दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी के साथ डिजिटल प्लेटफार्म पर हुआ। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर बात की और वो यहां फ्रंट फुट पर खेलते दिखाई दिये। उन्होंने अपने मंत्रालय को लेकर बात की और कहा कि उत्तर प्रदेश में आईटी को उद्योग का दर्जा मिलने जा रहा है। वहीं समाचार संपादक दीपक भाटी के साथ आमना-सामना की पिच पर उन्होंने सवालों के बाउंसर पर हुक शॉट भी लगाये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को सीटें कम मिली हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह ये रही है कि विपक्ष ने झूठे वादों से जनता को छला है। उन्होंने कहा कि भाजपा कम रहने की वजह ये रही कि कांग्रेस ने संविधान के मुद्दे को लेकर दुष्प्रचार किया और जनता के सामने झूठ बोला। उन्होंने कहा कि जनता के साथ छल हुआ और जनता को गुमराह किया गया। एक लाख देने का वादा किया गया। दैनिक करंट क्राइम के आमना-सामना डिजिटल प्लेटफार्म पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कई सवालों के जवाब खुलकर दिये और उन्होंने 2027 की अपनी चुनावी इच्छा उजागर की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह को लेकर क्या कहा और किस दावेदार के नाम पर उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का ये इंटरव्यू जल्द ही दैनिक करंट क्राइम के डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज होगा और अपने पाठकों के लिए प्रकाशित भी होगा।

#### जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया अपनी चुनावी इच्छा को उजागर

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा शुक्रवार को दैनिक करंट क्राइम के डिजिटल मुख्यालय नोएडा प हुंचे। यहां स्वागत के बाद सियासी मुद्दों से लेकर सरकार के मुद्दों तक उन्होंने आमना-सामना में खुलकर जवाब दिये। उन्होंने अपने चुनावी प्लान को लेकर भी बात की और वर्ष 2027 के चुनावी प्लान को बताया। 2027 में अपनी चुनावी इच्छा को उजागर किया। उन्होंने चुनाव के हर मुद्दे पर बात की।

#### जब आया संजीव शर्मा का नाम तो क्यों आ गई सुनील शर्मा के चेहरे पर मुस्कान



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से जब शहर विधानसभा सीट को लेकर दावेदारी की बात हुई तो उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यकर्ता दावेदारी कर सकता है और किसी भी कार्यकर्ता को टिकट मिल सकता है। लेकिन जब यहां करंट क्राइम ने दावेदार के रूप में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का नाम लिया और ये पूछा कि अगर संजीव शर्मा दावेदारी करते हैं तो संजीव शर्मा के नाम पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के चेहरे पर मुस्कान आ गई। ये मुस्कान बहुत कुछ कह रही है।

#### जब उठा जनरल पर सवाल तो कैबिनेट मंत्री गये टाल

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा देश के नंबर वन विधायक हैं और उन्हें राजनीति में चाणक्य कहा जाता है। भगवागढ़ के बदले सियासी सीन में उनका भी एक अहम रोल माना जाता है। यहां लोकसभा और विधानसभा वालों के बीच कई दूरियों का कई मजबूरियों का फसाना आता है। सही बात क्या है इस बात को लेकर समाचार संपादक दीपक भाटी ने आमना-सामना में जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से सवाल किया तो उन्होंने यहां बात को दायें घुमाया बायें घुमाया और फिर घुमा ही दिया। सवाल वीके सिंह की खिलाफत को लेकर था और जब जनरल को लेकर सवाल आया तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उसे बड़ी सफाई से टाल गये। उन्होंने घुमा फिराकर जवाब दिया।

# राहुल गांधी ने हाथरस में पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, कहा जल्द मिले मुआवजा



**हाथरस।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को सरकार जल्द से जल्द मुआवजा दे। इस समय उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि पीड़ित परिवारों से पूरी घटना को जानने का प्रयास किया है। हादसे से पूरे लोग बड़े सदमे से गुजर रहे हैं। पीड़ितों ने साफ कहा कि प्रशासन की लापरवाही से यह हादसा हुआ। अब सरकार से यही कहना चाहूंगा कि जो मुआवजे का ऐलान किया गया है, उसे देने में लापरवाही न हो। साथ ही हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो, पीड़ितों को न्याय मिले।

उन्होंने कहा कि दिल खोलकर मदद करें। जितनी हो जल्दी और दिल खोलकर मदद करें। भगदड़ में अपनी जान गंवा बैठी मुन्नी देवी के बेटे सुभाष चंद्र ने बताया कि राहुल गांधी ने हमसे बात की। पूरी घटना को जानने का प्रयास किया। उनका कहना है कि पूरी घटना के लिए बाबा जिम्मेदार हैं। वहां पर व्यवस्था की कमी थी। बाबा भाग गए। उन्हें भागने के बजाय लोगों की मदद करनी चाहिए थी। अब उनके सत्संग में कभी नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे परिवार को दिलासा दिलाया है। राहुल गांधी ने कहा कि आपके मामले को संसद में उठाएंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस की भगदड़ में जान गंवाने वाले पीड़ितों के घर पहुंचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा राहुल गांधी सुबह-सुबह अलीगढ़ के पिलखाना पहुंचे। यहां वह हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिले। अलीगढ़ के थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव पिलखाना में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पहुंचकर हाथरस सत्संग हादसे की मृतका मंजू, उसके छह वर्ष के बेटे पंकज एवं दूसरे परिवार की शांति देवी व प्रेमवती के पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। ज्ञात हो कि हाथरस भगदड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अब तक इस घटना में आयोजन समिति से जुड़े छह सेवादारों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं इस घटना के मुख्य आयोजक-मुख्य सेवादार की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। आईजी शलभ माथुर ने बताया कि मृतकों की संख्या 121 है। सभी शवों की पहचान हो गई है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आईजी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा-105, 110, 126(2), 223 और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा का 'काम रोको अभियान' चरम पर पहुंच चुका है : गोपाल राय



**नई दिल्ली।** जल संकट, पेड़ काटने और उसके बाद शिक्षकों के ट्रांसफर के मामले ने दिल्ली में तूल पकड़ लिया है। आम आदमी पार्टी सरकार ने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका मानना है कि भाजपा दिल्ली सरकार के अच्छे कामों में अड़ंगा लगा रही है। राय ने इसे 'काम रोको अभियान' का नाम दिया है। गोपाल राय ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तारीफ करते हुए भाजपा पर जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा, "भाजपा अपने 'काम रोको अभियान' के चरम पर पहुंच चुकी है और ये बात दिल्ली ही नहीं, पूरा देश जानता है। पूरे देश में सरकारी स्कूल खराब स्थिति में पहुंच चुके हैं। लेकिन, पूरी दुनिया के अंदर दिल्ली की चर्चा हो रही है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत अलग है। पहले जो लोग अपने बच्चों को बहुत मजबूरी में ही भेजने को तैयार होते थे। उनकी सोच बदल चुकी है। आम आदमी पार्टी ने दिल्लीवासियों की सोच 360 डिग्री तक बदल दी है।" गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने न सिर्फ लोगों की सोच बदली बल्कि सरकारी स्कूल को प्राइवेट से बेहतर बनाकर दिखा दिया। उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे का जिक्र कर अपनी पीठ भी थपथपाई। उन्होंने दावा किया, "अमेरिका के प्रेसिडेंट अपनी पत्नी के साथ भारत आए थे तो उनकी पत्नी ने दिल्ली के सरकारी स्कूल देखने की इच्छा जताई थी। आज तक इससे पहले कभी भी, कोई भी राष्ट्र अध्यक्ष या प्रतिनिधि भारत आया है तो उसने कभी यहां के एजुकेशन सिस्टम को देखने की इच्छा नहीं जताई थी।" उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों की सराहना करते हुए कहा, "दिल्ली के सरकारी स्कूलों ने पूरे देश के सरकारी स्कूलों की दशा को बदलने का मॉडल पेश किया है। यहां बच्चे एक-दो साल नहीं बल्कि कई सालों से लगातार प्राइवेट स्कूल के बच्चों से ज्यादा नंबर ला रहे हैं। लेकिन, भाजपा अपने 'काम रोको अभियान' के तहत दिल्ली के अधिकारियों पर दबाव बनाकर उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिल्ली की शिक्षा प्रणाली को तहस-नहस करने में जुटी है।" मंत्री ने टीचर ट्रांसफर के नियम को साजिश करार दिया। उन्होंने कहा, "दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को खराब करने के लिए यह षड्यंत्र रचा गया है। दिल्ली के अधिकारियों ने रातों-रात यह नियम बनाया कि एक स्कूल में 10 साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे शिक्षकों को दूसरे स्कूल में भेजा जाएगा। इससे 5,000 शिक्षक प्रभावित होंगे। देश के प्रमुख संस्थानों में इन शिक्षकों को ट्रेनिंग दिलाकर ही यह कायाकल्प किया गया है।" गोपाल राय ने 1 जुलाई की उस बैठक का जिक्र किया, जिसमें ट्रांसफर रोकने की सलाह दी गई थी। उन्होंने कहा, "1 जुलाई को दिल्ली की शिक्षा मंत्री ने शिक्षा सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और कहा था कि ट्रांसफर नहीं होने चाहिए। लेकिन, 2 जुलाई की रात 5,000 शिक्षकों को उनकी जगह से उठाकर फेंक दिया गया।"

# ब्रिटेन चुनाव में कीर स्टार्मर की शानदार जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के आम चुनाव के नतीजे लगभग घोषित हो चुके हैं। 14 साल के बाद कंजर्वेटिव पार्टी का शासन खत्म होने जा रहा है और लेबर पार्टी सत्ता पर काबिज होने जा रही है। कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम चुनाव में लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने ऋषि सुनक के सक्रिय कार्य की भी प्रशंसा की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ?ब्रिटेन के आम चुनावों में शानदार जीत के लिए कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं। पीएम मोदी ने एक अन्य पोस्ट में ऋषि सुनक के सक्रिय कार्य की तारीफ करते हुए लिखा, "यूके के आपके सराहनीय नेतृत्व और आपके कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों को गहरा करने में ऋषि सुनक के सक्रिय योगदान के लिए उनको धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।" चुनाव परिणाम के रूझानों के मुताबिक, 14 साल के बाद लेबर पार्टी सत्ता पर काबिज होने जा रही है। अब तक आए नतीजों में लेबर पार्टी ने 650 में से 400 से ज्यादा सीटें प्राप्त की है। वहीं, कंजर्वेटिव पार्टी के खाते में सिर्फ 119 सीटें आई हैं। अब तक 650 में से 641 सीटों पर नतीजे घोषित किए जा चुके है।

# हाथरस हादसे के घायलों को दिया जा रहा अच्छा उपचार : मंत्री असीम अरुण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में बाबा भोले के सत्संग में भगदड़ मचने से घायल हुए लोगों से मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घायलों को बेहतर उपचार देने के निर्देश दिए। आईएएनएस से बात करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मैं हाथरस का प्रभारी मंत्री हूं और सीएम योगी ने घटना के बाद मुझे वहां पहुंचने के लिए कहा था।

वहां पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन को व्यवस्थित कराया। मृतकों और घायलों के परिवारों की सहायता की। इस पूरे मामले में अब गहनता से जांच हो रही है, छह लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं इस घटना की बात करूं तो पहली त्रुटि इसमें यह सामने आई कि आयोजकों ने पुलिस को अंदर आने नहीं दिया था। आयोजकों ने कहा था कि अंदर हमारे सेवादार संभाल लेंगे। जिस व्यवस्था को प्रशासन संभाल सकता है उसे आयोजक या सेवादार नहीं संभाल सकते। ये जांच का विषय है कि इसमें किसी की साजिश है या नहीं, जांच के बाद सब कुछ सामने आएगा। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक एसओपी तैयार की जाएगी कि इस तरह के आयोजन में कितने लोग इकट्ठा हो सकते हैं। उनके लिए पीने का पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था होगी। ये सब व्यवस्था करने के बाद ही आयोजक किसी भी तरह का आयोजन कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए लाए गए सभी घायलों को अच्छा से अच्छा उपचार दिया जा रहा है। भगदड़ में घायल लगभग सभी लोग अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। कुछ लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती है, उन्हें निशुल्क बेहतर उपचार दिया जा रहा है। समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग जब इन कार्यक्रमों में गए थे तब उन्होंने आयोजकों को क्यों नहीं बताया कि आपकी व्यवस्था सही नहीं है, उसे सही करने की जरूरत है।

# उत्तराखंड में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी, सतर्क रहने की अपील



**देहरादून।** उत्तराखंड में मानसून के कारण कई इलाकों में भारी बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने 5 और 6 जुलाई के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कुमाऊं के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गढ़वाल के अधिकांश हिस्सों में भी भारी बारिश को लेकर 24 से 48 घंटे तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने कहा कि भारी बारिश के चलते आम जनता को सतर्क रहने की जरूरत है। बीते कई दिनों से प्रदेश में हो रही भारी बारिश के बाद भूस्खलन के साथ-साथ नदी-नाले उफान पर हैं। प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी है। उन्होंने नदी-नालों के आसपास जाने से बचने की सलाह देते हुए कहा कि अगर बहुत जरूरी हो तभी यात्रा करें, अन्यथा सुरक्षित स्थान पर ही रहें, ताकि जान-माल का नुकसान ना हो। हालांकि, 7 जुलाई से बारिश में कमी दर्ज होने का पूवार्नुमान भी जताया है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं जिले में दो दिन के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को नदी में जाने से बचने की सलाह दी गई है। पहाड़ पर आने-जाने वाले लोगों को भी धैर्य रखने की अपील करते हुए उन्होंने प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निदेशों का पालन करने की सलाह दी है।

# हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने नए कानून के खिलाफ किया प्रदर्शन, बोले- पुलिस राज जनता पर होगा हावी



**प्रयागराज।** धरना प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने कहा कि तीनों कानूनों में जनविरोधी प्रावधानों यथा धारा 173 उपधारा 3 नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 कहती है कि पुलिस एफआईआर दर्ज करने के पहले प्रारंभिक जांच के लिए तहरीर को 14 दिनों तक होल्ड रख सकती है।

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन से जुड़े अधिवक्ताओं ने नए आपराधिक कानूनों के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर तीन पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वकीलों ने नए कानून को जनता के खिलाफ बताया। कहा कि इस कानून के प्रभावी होने से पुलिस का जनता पर उत्पीड़न बढ़ जाएगा और मनमानी होगी। इससे आम जनता को त्वरित न्याय नहीं मिल सकेगा। धरना प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने कहा कि तीनों कानूनों में जनविरोधी प्रावधानों यथा धारा 173 उपधारा 3 नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 कहती है कि पुलिस एफआईआर दर्ज करने के पहले प्रारंभिक जांच के लिए तहरीर को 14 दिनों तक होल्ड रख सकती है। हालांकि यह पावर 7 साल व उससे कम दंडनीय अपराधों में इस्तेमाल किया जाएगा, लेकिन हमारा मानना है कि एक बार थाने पर जांच के नाम पर तहरीर होल्ड रखने का कल्चर बन जाने पर पिछड़ी, गरीब और निरक्षर जनता में पुलिस व कानून व्यवस्था के प्रति एक नकारात्मक धारणा बनेगी। यह सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के मामले में दिए गए मैंडेट के एकदम उल्टा है। इसी तरह के अन्य प्रावधान भी जनविरोधी, गलतफहमी बढ़ाने वाले, क्रूर व पुलिस राज को बढ़ाने की दिशा में जाते हैं जिनका सेक्शन वाइज डिटेल चर्चा अपने ज्ञापन में करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता विनय प्रताप सिंह, राजकिशोर यादव, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह यादव, आशुतोष तिवारी, राजीव कुमार, कमलेश रतन यादव, यूनियन के अध्यक्ष अरविंद कुमार राय, यशवंत सिंह राधेश्याम द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ जीतू यादव, अनुभव द्विवेदी,,मानस, चिरविजय आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# वकीलों ने हितों के टकराव के मुद्दे पर सीजेआई को लिखा खत

## केजरीवाल के खिलाफ ईडी की सुनवाई से जुड़ा है मामला




**नई दिल्ली।** वकीलों ने सीजेआई को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में अरविंद केजरीवाल को बेल दिए जाने के खिलाफ ईडी की अपील पर सुनवाई से खुद को अलग कर लेना चाहिए था, क्योंकि जज के भाई जांच एजेंसी के वकील हैं। सुप्रीम कोर्ट, उच्च न्यायालय, राउज एवेन्यू कोर्ट और अन्य जिला न्यायालयों में वकालत कर रहे 157 वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है।

गुरुवार को लिखे गए इस पत्र में न्यायालयों में देखी जा रही अभूतपूर्व प्रथाओं के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील बलराज सिंह मलिक ने आरोप लगाते हुए लिखा है कि अदालतों में आरोपियों को जमानत नहीं दी जा रही है, जबकि ये उनका हक है। देश के लोग बड़ी उम्मीद और भरोसे के साथ अदालतों का रुख करते हैं। न्यायपालिका और कानूनी समुदाय को इसी भरोसे को कायम रखना चाहिए। इसी संदर्भ में वह अपनी चिंताओं को साझा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि इसे जल्द ही दूर किया जाएगा। उन्होंने केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में हाईकोर्ट की ओर से नियमि जमानत पर रोक लगाए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में अरविंद केजरीवाल को बेल दिए जाने के खिलाफ ईडी की अपील पर सुनवाई से खुद को अलग कर लेना चाहिए था, क्योंकि जज के भाई जांच एजेंसी के वकील हैं। वकीलों ने दावा किया कि जस्टिस सुधीर कुमार जैन के सगे भाई अनुराग जैन ईडी के वकील हैं और हितों के इस स्पष्ट टकराव की कभी घोषणा नहीं की गई।

हालांकि, सूत्रों ने बताया कि वकील अनुराग जैन आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के किसी भी मामले को नहीं देख रहे हैं। दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। 20 जून को केजरीवाल को राउस एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दी थी। जिसके बाद ईडी ने केजरीवाल की जमानत को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। 25 जून को दिल्ली हाई कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद 26 जून को सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद 29 जून तक केजरीवाल को सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। 29 जून को केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# झारखंड के नए मुख्य न्यायाधीश बने विद्युत रंजन सारंगी



**झारखण्ड।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

न्यायाधीश विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के 15वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में सारंगी को पद की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा मौके पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा। 28 दिसंबर से था पद खाली झारखड़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का पद 28 दिसंबर, 2023 को न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद खाली पड़ा था। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने तीन जुलाई को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सारंगी की नियुक्ति के संबंध में एक अधिसूचना जारी की। न्याय के लिए करेंगे मिलकर काम झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा, 'अब हमारे पास एक नया मुख्य न्यायाधीश है। हम न्याय स्थापित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।'

काफी समय लगा दिया वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से कहा, 'आखिरकार हमें नया मुख्य न्यायाधीश मिल गया। मुख्य न्यायाधीश का पद बहुत महत्वपूर्ण होता है। सुप्रीम कोर्ट ने लगभग सात-आठ महीने पहले झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति की घोषणा की थी, लेकिन मुझे नहीं पता कि केंद्र सरकार ने उन्हें यहां भेजने में इतना समय क्यों लगाया। मुझे लगता है कि यह पहले भी हो सकता था।'

कौन हैं विद्युत रंजन सारंगी गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी का जन्म 20 जुलाई 1962 को ओडिशा के नयागढ़ जिला स्थित ओडागांव के पेंटीखारिसन गांव में हुआ था।

सारंगी ने उत्कल विश्वविद्यालय के तहत एमएस लॉ कॉलेज, कटक से एलएलबी और एलएलएम की डिग्री हासिल की और उन्हें संबलपुर विश्वविद्यालय से कानून में पीएचडी से सम्मानित किया गया।

वह दिसंबर, 1985 में विधिज्ञ परिषद् में शामिल हुए। उन्होंने तकरीबन 27 वर्षों तक ओडिशा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस की। उन्होंने विशेष रूप से सिविल, आपराधिक, संवैधानिक, राजस्व, कर, श्रम, सेवा, खनन, शिक्षा, बिजली, बीमा, बैंकिंग, टेलीफोन, चुनाव और अन्य में मामले संभाले। उड़ीसा हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पीके बालसुब्रमण्यम ने उन्हें 2002 में स्वर्ण पदक के साथ हरिचरण मुखर्जी मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया था।

बीआर सारंगी 20 जून 2013 को ओडिशा हाईकोर्ट में न्यायाधीश बने थे। बीआर सारंगी के परिवार की बात करें, तो उन्होंने निरुपमा सारंगी से शादी की। वह दो बेटियों के पिता हैं। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा पिछले साल 28 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। उन्होंने 20 फरवरी 2023 को झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस एस चंद्रशेखर को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था।


# 1.27 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा स्वदेशी रक्षा उत्पादन



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल की है। देश में रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई तक बढ़कर यानी 1,26,887 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। रक्षा से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्रियों का उत्पादन करने वाले अन्य सार्वजनिक उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़े यह वृद्धि बताते हैं। यह पिछले वित्तीय वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यात ने 21,083 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये का था। इस उपलब्धि पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम वर्ष-दर-वर्ष नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करने के सरकार के अटूट संकल्प को दोहराया। वर्ष 2023-24 के दौरान उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में, डीपीएसयू/अन्य पीएसयू द्वारा लगभग 79.2 प्रतिशत और निजी क्षेत्र द्वारा 20.8 प्रतिशत का योगदान किया गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में, डीपीएसयू/पीएसयू और निजी क्षेत्र, दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है। राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन को सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए डीपीएसयू, रक्षा सामग्रियों का उत्पादन करने वाले अन्य सार्वजनिक उपक्रमों और निजी उद्योग सहित संपूर्ण रक्षा उद्योग को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान देते हुए पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न नीतिगत सुधारों व पहलों और व्यापार करने में आसानी से जुड़े कदमों के कारण यह उपलब्धि अर्जित हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आधार पर आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक का सबसे अधिक वीओपी हासिल हुआ है। इसके अलावा, बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन की समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पिछले पांच वर्षों के दौरान (2019-20 से), रक्षा उत्पादन का मूल्य लगातार बढ़ता रहा है और इसमें 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।।शनिवार 06 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE (Your Health is Our Priority)
Ultrasound + Digital X-Ray
ECG + Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360

# निगम कार्यकारिणी से 6 पार्षद हुए आउट जल्द होगा नए सदस्यों का ऐलान

## पार्षद राजीव शर्मा, राजकुमार सिंह, गौरव सोलंकी, धीरेंद्र यादव, आदिल मलिक, रेखा गोस्वामी को पर्ची सिस्टम से किया बाहर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों को उनका कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद शुक्रवार को निगम कार्यकारिणी से बाहर कर दिया गया है। सभी निगम पार्षदों को कार्यकारिणी से बाहर करने के लिए बाकायदा महापौर और नगर आयुक्त की मौजूदगी में निष्पक्ष रूप से पर्ची सिस्टम के जरिए कार्यकारिणी से बाहर किया गया है। नई कार्यकारिणी का चुनाव अधिकारी जल्द होने की घोषणा कर रहे हैं। नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि 9 जुलाई के बाद कभी भी नगर निगम की आम बैठक या बोर्ड बैठक को बुलाया जाएगा। जिसके बाद कार्यकारिणी के हटाए गए 6 सदस्यों को उन्हें चुनने का कार्य किया जाएगा।

शुक्रवार को नगर निगम की कार्यकारिणी से हटाए गए 6 सदस्यों में वार्ड-59 से निगम कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजीव राजीव शर्मा, वार्ड-90 से आदिल मलिक, वार्ड-33 से धीरेंद्र यादव, वार्ड-89 से राजकुमार सिंह, वार्ड-76 से गौरव सोलंकी और वार्ड-10 से रेखा गोस्वामी थीं, जिनको कार्यकारिणी से बाहर किया गया है।












### नए सदस्यों के लिए फिर बनेगी रणनीति

**करंट क्राइम ।** नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि नगर निगम कार्यकारिणी से शुक्रवार को बाहर किया गया है। 6 सदस्यों के बदले जल्द ही 6 नए सदस्यों का चुनाव होना है। इन नए सदस्यों के लिए फिर एक बार अलग-अलग दल वाले रणनीति बनाएंगे। सूत्र बता रहे हैं कि 9 जुलाई के बाद नगर निगम की बैठक बुलाई जा सकती है। जिसमें नए कार्यकारी सदस्यों के नाम तय कर उनको चुनने का भी काम कर लिया जाएगा।

### बैठक में यह अधिकारी रहे उपस्थित

**करंट क्राइम ।** नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य बाहर करने के लिए नाम तय किए जाने थे, इसके लिए पर्ची सिस्टम का सहारा लिया गया। शांतिपूर्वक तरीके से सभी निर्णय हुए और सभी ने उसपर सहमति जताई है। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, जिला उद्यान अधिकारी अनुज कुमार, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह सहित पार्षद व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सबसे पहले निकली उपाध्यक्ष राजीव शर्मा की पर्ची

**करंट क्राइम।** शुक्रवार को नगर निगम के सभागार में कार्यकारिणी सदस्यों को बाहर करने के लिए पर्ची के जरिए चुनाव किया जा रहा था। सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह द्वारा सभी के सामने पर्ची बनाई गई और पर्ची एक ड्रॉप बॉक्स में डाली गई। इसी ड्रॉप बॉक्स में उन्होंने एक-एक करके पर्ची निकाली, जिसमें सबसे पहले पर्ची निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा का नाम आया। तो वहीं दूसरी पर्ची में राजकुमार सिंह, तीसरी पर्ची गौरव सोलंकी नाम की रही। वहीं अगली यानी चौथी पर्ची में धीरेंद्र यादव, पांचवी में आदिल मालिक और छठवीं पर्ची रेखा गोस्वामी के नाम की बाहर निकली गई। यह सभी सदस्य अब कार्यकारिणी सदस्य नहीं रहेंगे। नए सदस्यों का चुनाव जल्द होगा। शुक्रवार को निगम कार्यकारिणी से बाहर किए गए, 6 सदस्यों पर किसी ने कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं कराई है।

### दोबारा होगा उपाध्यक्ष का चुनाव

**करंट क्राइम।** शुक्रवार को नगर निगम कार्यकारिणी से 6 सदस्यों को आउट किया गया है। सदन से आउट होने वाले सदस्यों में पार्षद राजीव शर्मा का नाम भी शामिल रहा। वह निगम में उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे हैं, अब उनका नाम आउट होने के बाद 6 नए सदस्य चुने जाएंगे। इसके बाद नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष का चुनाव भी दोबारा से होगा। शुक्रवार को जब उनका नाम आउट हुआ तो महापौर सुनीता दयाल ने अपने माथे पर हाथ भी मारा था, तो वहीं पार्षद राजीव शर्मा भी हैरान हो गए थे, कि सदन से आउट होने वाले कार्यकारिणी सदस्य की लिस्ट में उनका नाम भी शामिल हो गया है।

### अब विपक्ष का एक ही फेस है शेष

**करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिण से शुक्रवार को आदिल मालिक भी आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद अब निगम निगम कार्यकारिणी सदस्य के रूप में केवल पार्षद के रूप में अजय शर्मा ही शेष हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में विपक्ष का वही चेहरा अब बचे हैं। देखना होगा आने वाले दिनों में नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव कब होता है और कौन-कौन इसमें चुना जाता है।

# खाकी वालों के सिर चढ़कर बोल रहा है रील का नशा

## देहात के दो अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर निलंबित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में खाकी वालों के सिर पर रील का नशा उतारने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को देहात जोन के अंतर्गत आने वाले अंकुर विहार सर्किल में प्रॉपर्टी डीलर सरताज के साथ दो अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर की रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसके बाद डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने संज्ञान लेते हुए आरोपी प्रॉपर्टी डीलर को पुलिस ने हिरासत में भेज दिया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। तो वहीं अंडर ट्रेनी दोनों उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनकी जांच भी कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों उप निरीक्षक की प्रॉपर्टी डीलर से दोस्ती थी और इसी दौरान रील बन गई और जब यह वायरल हुई तो पुलिस के अधिकारियों ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है।

### अलग-अलग गानों पर बना रखी थी कई वीडियो



**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन के डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया है कि उपनिरीक्षक धर्मेन्दर, रितेश और उसके साथी का वीडियो संज्ञान में आया। जिसको लेकर जांच की गई। दोनों के कई और वीडियो प्रॉपर्टी डीलर के साथ मिले। इसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि इससे पहले भी कई पुलिसकर्मी रील बनाने के चक्कर में कार्रवाई का शिकार हुए हैं।



वायरल वीडियो

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद डीसीपी ग्रामीण ने की कार्रवाई




# पुलिस कमिश्नरेट में ट्रेनिंग उप निरीक्षक हैं आउट ऑफ कंट्रोल




वायरल वीडियो

**करंट क्राइम ।** अंडर ट्रेनिंग उप निरीक्षक पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में आउट ऑफ कंट्रोल बताए जाते हैं। तमाम ऐसे अंडर ट्रेनिंग उप निरीक्षक हैं जो वर्दी में नियम कायदे कानून ताक पर रखकर वीडियो शूट करते हैं। इसमें महिला उपनिरीक्षक भी किसी से कम नहीं हैं। बुलेट से लेकर बोल्ड अंदाज किसी से सोशल मीडिया पर छुपा नहीं है। वर्दी वालों की वीडियो सोशल मीडिया पर भी आते हैं। बीते दिनों भी कई इस तरीके के वीडियो सोशल मीडिया के संज्ञान में आए थे। तो वहीं सिटी के एक थाने में तो बाकायदा अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर को अधिकारियों ने खास निर्देश दिए थे कि वह सोशल मीडिया से दूर रहें। तो वहीं नदियापार में भी कई ऐसे अंडर ट्रेनिंग के वीडियो देखे जा सकते हैं जो पुलिसिंग से हटकर अलग विषय पर फोकस करते हैं।

# नहीं है शहर उपचुनाव में भगवा दल वालों की राहें इतनी आसान

## अंदरखाने कमल वाले भी इस बात को रहे हैं मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव के बाद चुनाव का सीन भगवागढ़ में आया है। चुनाव हो गया और चुनाव के बाद दावेदारी चल रही है। विधानसभा वाले विधायक जी लोकसभा वाला चुनाव जीतकर सांसद हो गये हैं और उन्होंने इस्तीफा भी दे दिया है। अब उनके इस्तीफे के बाद रिक्त सीट को लेकर पूरा मेला दावेदारी का है। चुनाव आयोग को अधिसूचना जारी करनी है लेकिन अधिसूचना से पहले ही सब अपना टिकट कन्फर्म कराने वाली प्लानिंग पर काम कर रहे हैं। एक लॉबी है जिसे लग रहा है कि भाजपा का टिकट ही जीत की गारंटी है और उनका फोकस किसी भी तरह टिकट हासिल करने पर है। लेकिन भाजपा की एक लॉबी वो भी है जो इस बात को जानती है कि अब हवा रूख बदल रही है और बदलते रूख में राहें इतनी आसान नहीं है। भाजपा की ये विनिंग सीट है लेकिन राहें इतनी आसान नहीं है क्योंकि अब वोट का प्रतिशत रूख बदल देगा। भाजपा वाले जानते हैं कि देवतुल्य कार्यकर्ता नाराज हैं और इस नाराजगी के भी इफैक्ट वोटर उदासीनता के रूप में सामने आने हैं। देवतुल्य अगर एक्टिव नहीं हुए तो मतदान का प्रतिशत इतना नीचे जायेगा कि चुनाव अपने आप में उलझ जायेगा। हालांकि भाजपा इस चुनाव को हल्के में नहीं ले रही है और वो अंदरखाने मान भी रही है और एक विशेष प्लान पर काम भी हो रहा है।



### बदल सकते हैं हाल चुनावी खिलाड़ी पंडित अमरपाल



**करंट क्राइम।** विधानसभा उपचुनाव में अगर विपक्ष के मजबूत ब्राह्मण उम्मीदवार की बात करें तो पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का नाम चुनावी खिलाड़ियों में है। गेम को पलटने का हुनर वो खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन वाले चुनाव में दिखा चुके हैं। अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जिता चुके हैं। शहर में चुनावी अखाड़े के वो पुराने पहलवान हैं। ब्राह्मण समाज में उनकी स्वीकार्यता है और चुनाव लड़ना जानते हैं। अगर विपक्ष ने उन्हें उम्मीदवार बनाया तो यहां चुनाव में वो विपक्ष के लिए एक सकारात्मक उम्मीद लेकर आ सकते हैं।

### फिर उन्हीं तेवरों के साथ आयेंगी कांग्रेस के टिकट पर डॉली शर्मा



**करंट क्राइम।** डॉली शर्मा को कांग्रेस ने चुनाव के सभी फार्मेट पर मौका दिया है। वो मेयर चुनाव लड़ चुकी हैं वो लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं और दो बार लड़ चुकी हैं। अब विधानसभा का चुनाव बाकी है और अगर कांग्रेस डॉली शर्मा को टिकट देती है तो ब्राह्मण चेहरे के रूप में डॉली शर्मा अपने तेवरों के साथ मैदान में आयेंगी। ऐसे में उन्हें ब्राह्मण वोट के साथ साथ मुस्लिम और दलित वोट मिलने के भी मजबूत चांस हैं। डॉली शर्मा विपक्ष की ओर से एक मजबूत चेहरा हो सकती हैं।

### चुनाव का रूख बदल सकते हैं विपक्षी उम्मीदवार के रूप में सुरेन्द्र कुमार मुन्नी



**करंट क्राइम।** पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी विपक्ष वाली सियासत का सीनियर चेहरा हैं। कई बार विधायक रहे हैं कई बार चुनाव लड़ें है। ब्राह्मण समाज से आते हैं और सर्व वर्ग की राजनीति करते हैं। स्वच्छ छवि के वरिष्ठ नेता हैं। अगर विपक्षी चेहरे के रूप में वो मैदान में आते हैं तो चुनाव का रूख बदलने की क्षमता रखते हैं। बड़ी बात ये है कि शहर सीट पर वो अपने समाज में सबसे मजबूत पकड़ रखते हैं।

### जिन्हें चाहता है हर वर्ग ऐसे नेता हैं सपा के अभिषेक गर्ग



**करंट क्राइम।** अभिषेक गर्ग साफ सुथरी शालीन राजनीति का चेहरा हैं। अपनी बात को शालीनता से लेकिन पूरी दृढ़ता के साथ रखते हैं। राजनीति का उच्च शिक्षित चेहरा हैं। समाजवादी राजनीति में एक ऐसी पहचान है जहां हर वर्ग के लोग उन्हें चाहते हैं। वो सियासी गतिविधियों से जुड़कर चलते हैं। हर वर्ग उन्हें कितना वोट देगा कितना सपोर्ट देगा ये बाद की बात है लेकिन चुनावी मैदान में अगर अभिषेक गर्ग आते हैं तो यहां सपा एक मजबूत स्थिति में आ जायेगी। क्योंकि अब सपा के लिए चुनावी हालात बदल चुके हैं और वैश्य समाज का एक बड़ा वर्ग यहां अभिषेक गर्ग के पक्ष में आ सकता है।

### अभेद दुर्ग में लग गई थी निकाय चुनावों में विपक्ष वालों की सेंध

**करंट क्राइम।** भाजपा अपने जिस दुर्ग को अभेद मानती है उस दुर्ग में विपक्ष की सेंध लग चुकी है। मुरादनगर में विधानसभा भाजपा ने जीती थी और इसी मुरादनगर के नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष वाले चुनाव में भाजपा तीसरे स्थान पर रही थी। लोनी में विधानसभा भाजपा ने जीती और यहां भी नगर पालिका चेयरमैन वाली कुर्सी पर रालोद का कब्जा हो गया था। खोड़ा में भाजपा को निर्दलीय उम्मीदवार मोहिनी शर्मा पत्नी पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने हरा दिया। तीन स्थानों पर भाजपा की हार हुई और इससे ये पता चलता है कि हवा अपनी दिशाएं बदल रहीं हैं। शहर विधानसभा उपचुनाव के संदर्भ में ये बात इसलिए भी जरूरी है कि यहां लाइनपार पर बहुत कुछ निर्भर है और भाजपा का मजबूत गढ़ हिंडन पार इस सीट में शामिल नहीं है।

### ब्राह्मण और वैश्य फैक्टर पर फोकस कर रही है भगवा सियासत

**करंट क्राइम।** शहर उपचुनाव की बात करें तो अधिसूचना जारी होनी है और सूत्र बताते हैं कि यहां भाजपा ने जातिगत आंकड़े जुटा लिये हैं। शहर विधानसभा पर सबसे ज्यादा वोटों का पलड़ा ब्राह्मणों का भारी है। यहां दूसरे स्थान पर वैश्य वोटों की एक बड़ी भागीदार है। इसके बाद यहां वोट बैंक के हिसाब से मुस्लिम और फिर जाटव वोट आते हैं। सूत्रों की मानें तो भाजपा ब्राह्मण और वैश्य फैक्टर पर फोकस कर रही है। सूत्र बताते हैं कि बूथ स्तर पर जुटाये गये हैं।

### विपक्ष के ब्राह्मण और वैश्य चेहरों ने अगर दी दस्तक तो क्या रहेगा सीन

**करंट क्राइम।** शहर विधानसभा उपचुनाव को भले ही भाजपा हल्के में नहीं ले रही है लेकिन भाजपा को ये जानकारी हो कि यहां विपक्ष भी अब उत्साह के साथ लबरेज है। विपक्ष के नेता ये जानते हैं कि ये चुनाव छवि पर होना है और वोटों के मामूली हेरफेर से ही हार जीत का फैसला होना है। ऐसे में विपक्ष के ब्राह्मण और वैश्य चेहरों में डॉली शर्मा, अभिषेक गर्ग, अमरपाल शर्मा, सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने दस्तक दे दी तो क्या सीन रहेगा।

## संपादकीय

# पाखंडी बाबा बनाम धार्मिक माफिया

हाथरस त्रासदी पर अगर सत्संग के आयोजकों की जिम्मेदारी बनती है, तो इस व्यापक लापरवाही में प्रशासन भी अपनी जवाबदेही से कैसे बच सकता है? अस्सी हजार लोगों को जुटाने की इजाजत दे दी गई और ढाई लाख लोगों का जमावड़ा हो गया तो यह किसके आंख मूंद लेने की बजह से हुआ। माना कि हाथरस में हुए इस हादसे की न्यायिक जांच की घोषणा हो गई है और इस तरह अब इसके सहारे सरकार इस घटना पर उठने वाले सवालों के शांत होने की उम्मीद कर रही है। अब इस जांच के नतीजे कब आएंगे, किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी, क्या कार्रवाई होगी, यह सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर है। मगर इस घटना में जो हुआ, उसने न केवल किसी स्वयंभू बाबा और उसके समूह को, बल्कि सरकार और समूचे प्रशासन–तंत्र को कठघरे में खड़ा किया है। हालत यह है कि एक बाबा के कथित सत्संग के आयोजन को लेकर तो सभी स्तरों पर लापरवाही बरती ही गई, उससे उपजी अव्यवस्था की वजह से मची भगदड़ में कम से कम एक सौ इक्कीस लोगों के मारे जाने के बाद कार्रवाई के मामले में भी पुलिस और प्रशासन का जो रुख सामने आया है, वह हैरान करने वाला है। खबरों के मुताबिक भगदड़ के बाद छह सेवादार भाग गए थे, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए एक लाख रुपए ईनाम की घोषणा की गई। इसके अलावा, पुलिस का कहना है कि अगर जरूरत पड़ी तो भोले बाबा से भी पूछताछ की जाएगी। हालांकि इसका कोई संतोषजनक जवाब सामने नहीं आया है कि बाबा का नाम पुलिस के पास दर्ज प्राथमिकी में क्यों नहीं है! इतनी बड़ी तादाद में लोगों के वहां आने के बाद प्रशासन ने क्या ऐसा किया ताकि आपात स्थितियों में बचाव हो सके? जिस राज्य में आए दिन सरकार किसी भी कोने में छिपे अपराधियों को काबू में करने का दावा करती रहती है, उसमें पुलिस और खुफिया तंत्र के इतने बड़े जाल के बावजूद भोले बाबा कैसे फरार हो गया? सब कुछ दुरुस्त होने के दावे के बीच एक बाबा भारी संख्या में लोगों को जुटा कर अपनी महिमा का बखान करता रहा। फिर भगदड़ के बाद उसके फरार हो जाने पर पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही और प्राथमिकी तक में उसका नाम नहीं है तो इसके पीछे क्या वजहें हैं? सच यह है कि इस तरह बाबाओं के समाज या साधारण लोगों के बीच पांव पसारने और उन्हें मन–मुताबिक संचालित करने के लिए भी सरकार की जिम्मेदारी बनती है। आम लोग अपनी जीवन–स्थितियों में बेहतरी और विकास लाने के साथ–साथ अच्छी पढ़ाई–लिखाई करें, नए विचारों से समृद्ध हों, इसकी व्यवस्था करना सरकार का दायित्व है। मगर इसके समानांतर संदिग्ध पृष्ठभूमि वाला कोई व्यक्ति बाबा का रूप धर कर लोगों को इस हद तक प्रभावित कर लेता है कि कुछ पीड़ित भी भगदड़ और लोगों के मारे जाने के लिए उस पर सवाल उठाने को गलत मानने लगते हैं। आस्था के नाम पर इस तरह के सम्मोहन की स्थिति पैदा होने को लेकर क्या सरकारों की कोई जवाबदेही नहीं बनती? अव्यवस्था से उपजी कोई बेहद दुखद घटना हो जाती है, लोगों की जान चली जाती है, तब समूचा सरकारी तंत्र अत्यधिक सक्रिय दिखने लगता है। अफसोस की बात यह है कि जब ऐसी भयावह घटनाओं की भूमिका बन रही होती है, तब सरकार बेखबर रहती है। अगर समय रहते थोड़ी भी सक्रियता दिखाई जाती, तो शायद ऐसी त्रासदी से बचा जा सकता था! इन बाबा बनाम धार्मिक माफियाओं द्वारा आयाजित कार्यक्रमों पर अगर अंकुश नहीं लगाया गया तो कहना गलत नहीं होगा कि इस तरह की घटनाएं कहीं भी और कभी भी हो सकती हैं और निरंकुश पाखंडी बाबाओं की दुकानदारी बेखौफ चलती रहेगी।

# शेयर बाजार में मुनाफावसूली हावी, सेंसेक्स 80 हजार के नीचे खुला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत शुक्रवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ हुई। बाजार में ऊपरी स्तरों से मुनाफावसूली देखने को मिल रही है। सुबह 9:20 पर सेंसेक्स 464 अंक या 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,585 और निफ्टी 116 अंक या 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,186 पर था। बैंकिंग शेयरों में गिरावट का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। निफ्टी बैंक 464 अंक या 0.87 प्रतिशत गिरकर 52,639 पर है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 30 अंक या 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,682 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 92 अंक या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,885 पर है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1268 शेयर हरे निशान में और 855 शेयर लाल निशान में हैं। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, एलएंडटी, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, सन फार्मा, एनटीपीसी और एसबीआई टॉप गेनर्स हैं। एचडीएफसी बैंक, एमएंडएम, टाटा स्टील, टाइटन, पावर ग्रिड और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स हैं। चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट, देवेन मेहता का कहना है कि बाजार में ऊपरी स्तरों से मुनाफावसूली देखने को मिली है। निफ्टी के लिए 24,200 और फिर 24,100 एवं 24,000 एक अहम सपोर्ट लेवल है। 24,400 एक रुकावट का स्तर है। अगर निफ्टी इसे तोड़ता है तो यह 24,500 तक जा सकता है। एशिया के बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई और हांगकांग लाल निशान में हैं। वहीं, जकार्ता, बैंकॉक और सोल में हरे निशान में हैं। अमेरिका के बाजार बुधवार को बंद थे।

# 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर भारत : एनके सिंह



**नई दिल्ली।** भारत के बड़े अर्थशास्त्री और नीति निमार्ताओं में एक एनके सिंह ने कहा है कि विश्व भारत के युग में प्रवेश की दहलीज पर खड़ा है और तेज वृद्धि दर होने के कारण देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने ये बातें लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई) में प्रतिष्ठित मानद फेलोशिप प्रदान किए जाने के दौरान अपने संबोधन में कहीं। सिंह ने आगे कहा कि उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर अमर्त्य सेन और पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन जैसे भारतीयों की श्रेणी में आकर गर्व महसूस हो रहा है। यूनिवर्सिटी की ओर से कहा गया कि सिंह को दिया गया सम्मान एलएसई के साथ लंबे समय तक और प्रतिबद्ध संबंधों और एलएसई के भारत सलाहकार बोर्ड के सह-अध्यक्ष के रूप में भारत के साथ संबंधों को सुविधाजनक बनाने में उसके प्रयासों को मान्यता देता है। अपने संबोधन में सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में वह और सभी केंद्रीय मंत्री 2047 के विकसित भारत के विजन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। अगले दशकों तक भारत को विकास दर की इस रफ्तार को बनाए रखने की जरूरत है। भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनके सिंह भारत के प्रमुख अर्थशास्त्रियों में से एक हैं। वे 15वें वित्त आयोग के चेयरमैन रह चुके हैं। इससे पहले, वे राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन समीक्षा समिति (एफआरबीएम) के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे 2008 से 2014 तक संसद के उच्च सदन, राज्य सभा के सदस्य भी रहे। इस दौरान उन्होंने लोक लेखा समिति, विदेश मामलों की समिति और मानव संसाधन विकास समिति सहित कई प्रमुख संसदीय स्थायी समितियों में योगदान दिया।

# गूगल अब भारत में शुरू करेगा पिक्सल फोन का प्रोडक्शन



**नई दिल्ली।** एप्पल के बाद अब गूगल भी भारत में अपने पिक्सल स्मॉर्टफोन की मैन्युफैक्चरिंग करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी की योजना भारत में फोन मैन्युफैक्चरिंग कर अमेरिका और यूरोप में निर्यात करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिग्गज टेक कंपनी (गूगल) फॉक्सकॉन और डिक्सन टेक्नोलॉजीज की सहयोगी कंपनी पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर उत्पादन शुरू करेगी। कंपनी ने तमिलनाडु में फॉक्सकॉन के साथ मिलकर ट्रायल प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। फॉक्सकॉन ही भारत में एप्पल के लिए प्रोडक्ट्स बनाती है। हालांकि, गूगल की ओर से इस रिपोर्ट पर फिलहाल कोई जबाव नहीं दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गूगल पहली छमाही में भारत में पिक्सल फोन का प्रोडक्शन शुरू करने की आधिकारिक घोषणा कर सकता है। पिक्सल के बेस वेरिएंट को डिक्सन टेक्नोलॉजीज और प्रो वेरिएंट्स को फॉक्सकॉन की ओर से बनाया जा सकता है। कमर्शियल प्रोडक्शन को सितंबर में शुरू किया जा सकता है। वहीं, प्रोडक्शन स्थिर होने पर कंपनी निर्यात शुरू कर सकती है। कंपनी का यह कदम सरकार के प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) प्रोग्राम के अनुरूप है। इसके तहत सरकार घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रही है। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने में एप्पल की ओर से 16,500 करोड़ रुपये आईफोन का निर्यात किया जा चुका है। वित्त वर्ष 24 में एप्पल की ओर से 14 अरब डॉलर के आईफोन का उत्पादन किया गया है। एप्पल की ओर से भी भारत में आईफोन का उत्पादन लगातार बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि दुनिया में हर सात में से एक आईफोन अब भारत में बन रहा है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) डेटा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024 में मोबाइल फोन का प्रोडक्शन 4.10 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 18,900 करोड़ रुपये था। पीएलआई स्कीम के कारण इसमें 2,000 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# 2024 की पहली छमाही में भारतीय एफएमसीजी सेक्टर में हुए 938 मिलियन डॉलर के विलय और अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** भारत के एफएमसीजी सेक्टर में 2024 के शुरूआती छह महीने में विलय और अधिग्रहण की गतिविधियां बढ़कर 938 मिलियन डॉलर रही।

वेंचर इंटेलिजेंस द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, यह पिछले चार वर्षों में घरेलू फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) मार्केट का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। जनवरी में इस वर्ष टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने ऑर्गेनिक इंडिया में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। फेब इंडिया के स्वामित्व वाली यह कंपनी चाय, हर्बल सप्लीमेंट और पैक्ड फूड्स बेचती है। यह एक ऑल-कैश डील थी। इसका डील का साइज 1,900 करोड़ रुपये था। इससे पहले टाटा की ओर से कैपिटल फूड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी गई थी। यह कंपनी चिंग्स सीक्रेट और स्मिथ एंड जोन्स ब्रांड्स के तहत उत्पाद बेचती है। यह भी ऑल-कैश डील थी। इसका साइज 5,100 करोड़ रुपये था। प्राइवेट इक्विटी (पीई) और वेंचर कैपिटल (वीसी) की ओर से इस साल की पहली छमाही में 593 मिलियन डॉलर की डील की गई है। इस हफ्ते जारी एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 25 में एफएमसीजी सेक्टर की आय 7 से 9 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसकी वजह अधिक वॉल्यूम का होना, ग्रामीण मांग का वापस आना और शहरी क्षेत्र में वृद्धि जारी रहना है। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से 77 कंपनियों पर की गई स्टडी में बताया गया कि वित्त वर्ष 24 में एफएमसीजी सेक्टर में वृद्धि दर 5 से 7 प्रतिशत थी। वहीं, वित्त वर्ष 25 में वृद्धि दर इसी तरह की रह सकती है। ग्रामीण भारत में सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के जरिए इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च करने के कारण ग्रामीण आबादी के पास अधिक पैसे बच रहे हैं। इससे उनकी खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी हो रही है।

## राशिफल

**मेष:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी।

**वृष:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**तुला:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मकर:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं।

## चुटकुले

चोलू- कल रात देर से घर पहुंचा तो पत्नी ने परदे फाड़ दिए.
मोलू- अच्छा ही हुआ, तुम बच गए ।
चोलू- घर के नहीं, मेरे कान के परदे फाड़ दिए।

पिंकू- मम्मी, मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है।
मम्मी- क्यों?
पिंकू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था।
मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है।
पिंकू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

टीलू की 2 करोड़ की लॉटरी निकली
लॉटरीवाला – आपको टैक्स काटकर 1.75 करोड़ मिलेंगे
टीलू – ये गलत बात है, मुझे पूरे 2 करोड़ दो, नहीं तो मेरे टिकट के 100 रुपये वापस करो।

भाई- क्यों रो रही हो?
बहन- मेरे नंबर बहुत कम हैं।
भाई- कितने नंबर आए हैं?
बहन- केवल 90%
भाई- बहन रहम कर, इतने में तो हम जैसे तीन लड़के पास हो जाते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- खाने का स्वाद उसमें लार यानी सलाइवा मिलने के बाद ही आता है।
- यदि मकड़ी को जलाया जाये तो वो बारूद की तरह फट जायगी।
- मानव गर्भनिरोधक गोलियां गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- क्या आपको पता है कि, अरेबिक नुमराल सिस्टम का भी खोज भारत में ही हुआ था।
- मच्छर के मुंह में 47 दांत होते हैं।
- अमेरिका के मूल निवासी अपने बच्चों का पहला नाम उस चीज के नाम पर रखते हैं जिस चीज को वह अपने घर से बाहर निकलते ही सबसे पहले देखता है।
- पक्षियों में केवल तोता ही ऐसा पक्षी है जो जम्हाई लेता है।
- अगर हम सूर्य को एक क्रिकेट की गेंद मान ले तो पृथ्वी का आकर एक धूल के कण के बराबर होगा।
- तेंदुआ अँधेरी रात में भी अच्छी तरह से देख सकता है।
- क्या आपको पता है कि, हमारे देश मे डॉल्फिन मछली को नहीं पकड़ा जा सकता है, ये एक जुर्म है।
- गस्त माह में सबसे ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं।
- पक्षियों के कान उनके पंखों के नीचे छिपे होते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# हाईटेक वर्किंग से गाजियाबाद बनेगा ग्रेट गाजियाबाद : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह

## कांवड़ यात्रा के दौरान निगम के कैमरा इंटीग्रेशन से प्रशासन को मिलेगा लाभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा महापौर सुनीता दयाल सहित कार्यकारिणी सदस्यों को आई ट्रिपल सी के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा शहर हित में हो रहे कार्यों की चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद 311 ऐप के माध्यम से मार्च से अब तक 14600 समस्याओं का निस्तारण हो चुका है जिसमें से लगभग 1500 ऐसी शिकायतें हैं जो अधिक समय ले रही हैं जो मांग से संबंधित है उन पर भी कार्यवाही लगातार जारी है। गाजियाबाद 311 ऐप की वर्किंग से पार्षदों को भी राहत है। नगर आयुक्त द्वारा व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम की वर्किंग को भी दिखाया गया जिसमें कविनगर, पटेल नगर, दौलतपुरा, राजेंद्र नगर व अन्य क्षेत्रों से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को लाइव देखा गया। लगभग 1100 से अधिक कैमरा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंटीग्रेटेड किये जा चुके हैं जिसका लाइव नगर निगम प्रशासन द्वारा कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में देखा गया।

गाजियाबाद 311 के माध्यम से शहर वासियों को लाभ प्राप्त होने पर पार्षदों को भी राहत हो रही है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद को ग्रेट गाजियाबाद बनाने हेतु नगर निगम कार्य कर रहा है। महापौर के नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। आगामी योजना भी गाजियाबाद के निवासियों को और अधिक लाभदायक सिद्ध होगी, प्लानिंग की जा रही है शहर से डलाव घर भी योजना बनाते हुए खत्म किए जाएंगे। मौके पर पार्षद राजीव शर्मा, शीतल देओल, रेखा गोस्वामी, यशपाल पहलवान, राजकुमार नागर, प्रवीण चौधरी, धीरेंद्र यादव, मनोज त्यागी, गौरव सोलंकी, अजय शर्मा, व समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कैमरा इंटीग्रेशन तथा व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से शहर को मिलेगा लाभ : महापौर



**करंट क्राइम।** महापौर द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के माध्यम से शहर हित में किये जा रहे कार्यों की सरहाना की गई। नगर आयुक्त द्वारा आधुनिक तकनीकी के माध्यम से शहर को स्मार्ट वर्किंग की ओर अग्रसर किया जा रहा है जिससे हर घर समय से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन पहुंच रहा है जिसकी मॉनिटरिंग भी अधिकारी आसानी से कर पा रहे हैं। व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बेहतर रूप से चलाया जा रहा है। महापौर द्वारा कैमरा इंटीग्रेशन के कार्य को भी सराहा गया तथा नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अधिक से अधिक कैमरा इंटीग्रेशन के लिए अपील की। कैमरा इंटीग्रेशन की मुहिम कावड़ यात्रा के दौरान प्रशासन के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगी। बताया गया' इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर पहुंचकर उपस्थित पार्षदों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र के बारे में बताया गया कि हाईटेक पद्धति से क्षेत्र वासियों को लाभ प्राप्त हो रहा है मॉनिटरिंग प्रबल हो रही है।




### हालात दे रहें हैं अभी से क्लू चार जगह बंट जायेगें वोट ये ब्लू

इस बार लोकसभा चुनाव में चार जून के बाद नीले वोटो का सबसे बड़ा दावेदार कहीं दावा करने लायक ही नही रहा। एक हाथी किसी तरह बाईस में यूपी विधानसभा में एंट्री ले पाया था और इस बार लोकसभा चुनाव के बाद वो लोकसभा में एक से भी गया। नीली सियासत में नगीना सें नई एंट्री नई पार्टी वालों के मुखिया की हुई हैं। उपचुनाव में हाथी वाले आयेगें या नही आयेगें अभी तो ये ही तय नही हैं लेकिन यहां चंद्रशेखर वाली पार्टी के चौधरी ने ताल ठोक दी है। समाज के यूथ चेहरे प्रणवीर ने भी चुनावी एलान कर दिया है। हाथ वालों को लग रहा है जब हाथी वाले लोकसभा में साथ थे तो उपचुनाव में भी साथ रहेगें। कहने वाले ने कहा कि आप लिखकर ले लो कि यहां ब्लू वोट चार जगह बंट जायेगें और किसी गिनती में भी नही गिने जायेगें। कहने वाले ने कहा कि एक तो मतदान अगर बीस प्रतिशत भी हो जाये तो गनीमत मानो। उस पर इस बीस में भी ब्लू वोटों की भागीदारी कितनी होगी। केतली वाले कितने ले जायेगें और हाथी वाले कितने मान कर चल रहे हैं। समाज वालों के उम्मीदवार को कितने वोट मिल पायेगें और हाथ वालों के साथ कितने जायेगें। दावा करने वाले ने दावा किया कि ब्लू वोटो का कोई सा भी उम्मीदवार अगर दस हजार के निशान को पार कर दे तो हम पालिटिक्स छोड़ देगें।

### नही हैं 5 परसेंट भी चांस मगर मांग लिये उससे पांच लाख एडवांस

फूल वाले कमांडर कितना ही समझा ले कि मत पड़ो किसी चक्कर में पर दिल है कि मानता नही। किस्सा लाईनपार से हैं और किस्से में इधर के चर्चित चेहरें हैं किस्से में सोशल वर्कर हैं और किस्से में टिकट दिलवाने के वादे के साथ खर्चे वाला बाऊंसर भी है। बाकी दलो में अभी दावेदारी का मेला भी नही लगा है लेकिन फूल वालों के यहां फुल चहलपहल भी है और टिकट के नाम पर खेला भी शुरू हो गया है। सोशल वर्कर की जुबान खुली तो पता चला कि हिमाचल वालों ने उनसे टिकट दिलाने का वादा किया और कहा कि पांच लाख तो एडवांस ही जायेगें। सोशल वर्कर इस वादे से बहल भी गई और बात राज वाली उनकी जुबान से बाहर आ गई। समझाने वाले ने समझाया भी कि आप के चांस तो पांच परसेंट भी नही हैं इसलिये बहनजी पांच पेटी मत देना आप एडवांस।

### वहीं पर हैं कूड़े के पहाड़ कहां गई वो निगम वाली दहाड़

नाली सीवर वाले महकमें की सरकार पर आते ही परिवर्तन का फीवर चढ़ गया था। उन्होने आते ही ललकार दी थी कि अब निगम में हम आ गये हैं और ये दलाली नही चलेगी। बताते हैं कि फिर कुछ ऐसा हुया कि केसरिया मेंबरों की ही उगाही के किस्से गली मौहल्ले वालों की जुबान पर आये। एक साल में निगम का हाल कितना बदला इसे निगम वाले ने ही अपनी जुबान से उगला। उन्होने कहा कि आते ही धनुष पर टंकार देने वालों के तरकश से तीर ही कौन सा निकला। याद ही होगा कि एक साल पहले दिल्ली वाले कूड़े के पहाड़ को लेकर दहाड़ सुनाई दी थी। एक साल बीतने के बाद अब दहाड़ का तो पता नही लेकिन कूड़े के पहाड़ वहीं पर एज इट इज ही हैं। जिन्होने कहा था कि दिल्ली वालों के कूड़े से हमारा क्या मतलब अब उनकी दहाड़ पर भी साइलेंसर लग गया और दिल्लीवाली गाड़ीअब तो इस स्टाईल में आती है कि ये तो यूं ही चालेगी। कहने वाले ने कहा कि जब खेल ही सारा ऊपर से है तो फिर यहां वालों को तो फेल होना ही था।

## गृह क्लेश के चलते विवाहिता ने दी जान, फंदे पर लटका मिला शव



**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के विक्रम एन्क्लेव में रहने वाले अभिषेक मावी की पत्नी संगीता ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली, संगीता की ढाई साल पहले शादी हुई थी। जानकारी के अनुसार मूल रूप से अफजल पुर निस्तौली थाना टीला मोड़ गाजियाबाद निवासी अभिषेक पुत्र राजू मावी की शादी ढाई वर्ष पूर्व संगीता 25 वर्ष पुत्री फकीर चन्द गांव कनोनी मेरठ के साथ हुई थी। संगीता ने कल पंखे से लटक कर आत्म हत्या कर ली। संगीता का एक बेटा है जिसका 6 जुलाई को पहला जन्म दिन है। किसी बात को लेकर रात्रि में पति पत्नी का आपस में विवाद हुआ था। सुबह 8 बजे ऊपर बने कमरे में गाटर से चुन्नी बांध कर आत्महत्या कर ली। पति अभिषेक ने देखा कि काफी देर हो गई संगीता नीचे नहीं आई तब उसने ऊपर जाकर देखा तो संगीता चुन्नी के सहारे लटकी मिली। इस घटना की सूचना अभिषेक ने 112 पर पुलिस को दी। मौके पर थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार और एसीपी सिद्धार्थ गौतम मौके पर पहुचे और शव को नीचे उतारकर पंचायत नामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। संगीता के भाई राहुल ने बताया कि ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान कर रहे थे हमने अपनी बहन की शादी में 50 लाख के लगभग खर्च किया था कई बार शिकायत के बाद हम उनके घर पर बातचीत करने आए थे लेकिन यह लोग दहेज के इतने लालची हैं जिसके कारण परेशान होकर मेरी बहन ने आत्महत्या कर ली। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि परिजनों की तरफ से तहरीर के आधार पर दहेज का हत्या पति अभिषेक, नंद अंजलि, भाभी, सास उषा, ससुर राजू मावी के खिलाफ पंजीकृत कर लिया गया है, जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद में 7 जुलाई को होंगी ईपीएफओ की दो परीक्षाएं

## 11 सेंटर बनाए, 30 मिनट पहले बंद हो जाएगी एंट्री, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर रोक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पर्सनल असिस्टेंट इन ईपीएफओ-2024 की नर्सिंग ऑफिसर इन एस्क्ड परीक्षा 7 जुलाई को होगी। इसके लिए गाजियाबाद में 11 परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में एक बैठक हुई, इसमें इसका ब्लू प्रिंट तैयार हुआ।

**दो घंटे होगी ईपीएफओ की परीक्षा**

डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया, पर्सनल असिस्टेंट इन ईपीएफओ की परीक्षा पांच उपकेन्द्रों पर होगी। ये परीक्षा दो घंटे की सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी। इस परीक्षा में 1991 परीक्षार्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया हैं। वहीं नर्सिंग ऑफिसर इन ईएसआईसी की परीक्षा 6 उपकेन्द्रों पर होगी। ये परीक्षा दोपहर दो बजे से चार बजे तक होगी। इस परीक्षा में 2412 परीक्षार्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया है।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रोक**

बैठक के दौरान बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पहले ही परीक्षार्थियों को एंट्री मिल पाएगी। एक मिनट देरी से भी पहुंचने वाले को एंट्री नहीं मिल सकेगी। परीक्षार्थी कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने साथ केन्द्र में नहीं ला सकता। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के सामान रखने के लिए कोई भी क्लॉक रूम नहीं रहेगा। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक विजय कुमार, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित परीक्षा केन्द्रों के प्रेक्षक आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, ठगे जेवरात

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** महिला से धर्म छिपाकर पहले एक युवक ने दोस्ती की और फिर शादी का झांसा देकर काफी समय से दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि युवक ने ब्लैकमेल कर महिला से जेवरात भी ठग लिए। पीड़िता ने इस संबंध में डीसीपी ग्रामीण को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला एक निजी कंपनी में नौकरी करती है। इस दौरान महिला की मुलाकात एक युवक से हुई। आरोप है कि युवक ने महिला को शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद वह महिला को ब्लैकमेल करके लगातार दुष्कर्म करता रहा।

आरोप है कि आरोपी युवक ने महिला को ब्लैकमेल कर उसके जेवरात व नकदी भी ले लिए। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले पता चला कि युवक ने अपना धर्म छिपाकर दोस्ती की थी। अब युवक महिला से शादी करने से इंकार कर रहा है। महिला ने निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर में हुई चोरी की पुलिस नहीं कर रही रिपोर्ट दर्ज

मोदीनगर,करंट क्राइम। पुलिस चौकी के निकट स्थित पुरातन छतरी वाले मंदिर में 15 दिन के भीतर चोरी की दो वारदातें हो चुकी हैं लेकिन पुलिस की ओर से एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस के खिलाफ मंदिर समिति व हिंदू संगठनों के बीच रोष पनप रहा है। मंदिर में चोरों ने पहली वारदात में दानपात्र का ताला तोड़कर उसके रुपए चुरा लिये। जिस बावत मंदिर समिति के अध्यक्ष महेश तायल की ओर से तहरीर दी गयी। इसके बाद फिर चोरों ने इस मंदिर में भगवान के चांदी के मुकुट व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। मंदिर समिति के लोगों ने चोरी की दो बार हुई घटना को लेकर एसीपी ज्ञानप्रकाश राय से मिलकर जांच की मांग उठाई। लेकिन अभी तक मंदिर में हुई दोनों बार की चोरी में शामिल बदमाशों का पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। समिति के पदाधिकारी एवं पूर्व सभासद नवीन जायसवाल, सभासद ललित त्यागी, पूर्व सभासद मोहित तोमर आदि ने चोरी की घटना में शामिल लोगों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग उठाई है।




### फिर दिखा खास कार्यालय का कनेक्शन




पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में गुरुवार की रात तबादला एक्सप्रेस लोकल स्तर पर चलाई गई। इस तबादला एक्सप्रेस में फिर एक बार खास कार्यालय का कनेक्शन देखने को मिला है। सूत्र बताते हैं कि सिटी के एक थाने में भेजे गए टू-स्टार प्रभारी खास कार्यालय से लगभग 5 माह तक जुड़े रहे हैं। उन्होंने वहां शिकायत से लेकर मिलाई वाला अनुभव लिया है। खुद कमिश्नरेट वाले साहब ने भी उनकी पांच महीने वर्किंग अच्छी और फिर उनको फील्ड पर चैलेंज के लिए भेजा गया है। सूत्र बता रहे हैं कि टू-स्टार पूर्व में पास के एक बड़े जिले में भी थाने के प्रभारी रह चुके हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में उनका यह पहला चार्ज है। देखना होगा कि थाने का चार्ज कैसे चला पाते हैं, क्या चैलेंज मिलेंगे और चैलेंज से निपटने की उनकी रणनीति क्या रहती है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि जिस थाने पर उनको भेजा गया है, वहां के प्रभारी के हटने से उनके कई टू-स्टार हैरान हैं। उधर सुनने में आया है कि इधर देर रात टू-स्टार के थाने के लिए आदेश आए थे, तो वहीं इलाके के सबसे देर रात तक खुलने वाले होटल को समय से बंद कराने के लिए पुलिस पहुंची थी। चार लैपर्ड मौके पर थी, अब चार्ज लेने से पहले ही यह तेजी वाला सीन किसी को समझ नहीं आ रहा है। वहीं कहा जा रहा है कि यह तो आने वाले दिनों में पता चल पाएगा लेकिन कई तरह की चर्चा अभी से शुरू हो गई हैं। सूत्र बता रहे हैं कि वैसे कई लिस्ट कमिश्नरेट की ऐसी हैं जिसमें खास कार्यालय का कनेक्शन किसी से छुपता नहीं है। कनेक्शन वाले लोग अपना चार्ज कितना लंबा ले जाते हैं, यह भी देखना रहेगा। उधर सुनने में आया है कि दो नाम को लेकर सबको बड़ी हैरानी हुई है। एक थ्री स्टार और दूसरे टू-स्टार का बताया गया है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पहला दिन अपने स्टाफ के साथ टू-स्टार का ठीक गया बताया जा रहा है। वहीं आने वाले दिनों में क्या होता है, उनके सर्किल वाले साहब क्या वर्किंग पसंद करते हैं। वैसे भी यह वही इलाका है जहां पर सड़क पर लगने वाली दुकानों पर एक शीर्ष आईपीएस अधिकारी को पसंद नहीं है। सुनने में आया है कि देर रात तक होटल खुलने के मामले को लेकर तेजी दिखाने वाले प्रभारी अब दिन में भी कब तक सजग रहते हैं, यह भी देखना होगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुरुवार को कांवड़ यात्रा की तैयारी के बीच इस लिस्ट का टविस्ट् अभी बरकरार है। वहीं देखना होगा किसके कहने पर और कहां से कनेक्शन होने पर यह है बड़े परिवर्तन किए गए हैं।

## यशोदा अस्पताल कौशाम्बी ने की फेफड़े के कैंसर से पीड़ित मरीज की रोबोटिक सर्जरी



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** कौशाम्बी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने दो ऐतिहासिक मेडिकल उपलब्धियों की घोषणा की हैं। अस्पताल के चिकित्सा दल ने उत्तर प्रदेश और पूर्वी दिल्ली-एनसीआर में पहली एमआईटीएसीएलआईपी प्रक्रिया और फेफड़े के कैंसर के लिए एक अग्रणी रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की है। डॉ. असित खन्ना प्रधान सलाहकार ने उत्तर प्रदेश और पूर्वी दिल्ली-एनसीआर में पहली एमआईटीएसीएलआईपी प्रक्रिया (छोटे क्लिप का उपयोग करके पक्यूर्टेनियस माइट्रल वाल्व मरम्मत) का नेतृत्व किया। रोगी, जो गंभीर माइट्रल रिगर्जिटेशन से पीड़ित था।

माइट्रल रिगर्जिटेशन एक स्थिति है जिसमें हृदय का माइट्रल वाल्व ठीक से बंद नहीं होता है, जिससे रक्त हृदय में पीछे की ओर बहता है। एमआईटीएसीएलआईपी प्रक्रिया ओपन-हार्ट सर्जरी के लिए एक कम आक्रामक विकल्प प्रदान करती है जिससे रोगी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है और रिकवरी का समय कम होता है। डॉ. असित खन्ना ने इस प्रक्रिया के परिणाम पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा, यह सफल एमआईटीएसीएलआईपी प्रक्रिया हमारे अस्पताल की अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। डॉ. सीमा सिंह, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की प्रधान सलाहकार ने फेफड़े के कैंसर से पीड़ित 80 वर्षीय रोगी पर रोबोटिक लेफ्ट लोअर लोबेक्टॉमी के साथ मेडिआस्टिनल लिम्फ नोड डिसेक्शन सफलतापूर्वक किया। इस उन्नत प्रक्रिया ने अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक का उपयोग करके सटीक और न्यूनतम आक्रामक सर्जरी को संभव बनाया।

यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कौशाम्बी के अध्यक्ष डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने इन ऐतिहासिक उपलब्धियों पर कहा कि हमारी चिकित्सा टीम की उपलब्धियों पर हमें बेहद गर्व है। ये अग्रणी प्रक्रियाएं हमारे अस्पताल की नवोन्मेष और उत्कृष्टता की अटल प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं। यशोदा में हम लगातार अपने मरीजों के लिए नवीनतम और सबसे प्रभावी उपचार लाने का प्रयास करते हैं, जिससे वे हमारी समुदाय में ही विश्वस्तरीय देखभाल प्राप्त कर सकें। चिकित्सा टीम के अन्य प्रमुख सदस्य डॉ. धीरेंद्र सिंघानिया वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. अखिलेश कुमार सलाहकार, डॉ. आयुष गोयल वरिष्ठ सलाहकार एवं डॉ. गौरव कुंवर सलाहकार शामिल रहे।

## नहर की पटरी टूटने से दो कॉलोनियों में भरा पानी



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** नहर की पटरी टूटने से कृष्णा कुंज कॉलोनी के आबादी क्षेत्र में पानी भर गया। सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पटरी को जोड़ा। करीब तीन घंटे तक पानी पटरी से खेतों और खाली प्लॉट में भरता रहा।

मानकी गांव के पास से ये नहर गुजरती है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे तिबड़ा कट के पास नहर की पटरी टूट गई। लोगों ने अधिकारियों को सूचना दी। जिस पर पटरी को जोड़ने का काम शुरू हुआ। इस बीच पानी कॉलोनी के कुछ खाली प्लॉट तक पहुंच गया। सिंचाई विभाग की टीम ने जेसीबी व कामगारों की मदद से पटरी को जोड़ने का काम शुरू किया। मिट्टी की मेड लगाकर व पेड़ डालकर पटरी को अस्थायी तरीके से जोड़ा गया, तब जाकर पानी रुका। सिंचाई विभाग के जेई ब्रजराज सिंह ने बताया कि खुदाई के चलते नहर की पटरी टूट जाती है, अब पटरी जोड़ दी गई है।

## विक्रम एन्क्लेव में सर्विस लेन से निगम ने हटाया अवैध गेट



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम का शहर में साफ सफाई एवं अतिक्रमणमुक्त किए जाने का अभियान चल रहा है। इसी क्रम में मोहननगर जोन विक्रम एन्क्लेव में सर्विस लेन पर लोगों के द्वारा अवैध गेट लगाकर अतिक्रमण करने से आवागमन में परेशानी आ रही थी। अतिक्रमण अभियान जोनल प्रभारी आरपी सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा हटाया गया था। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद पुनः गेट लगा दिया गया जिसके क्रम में लोगों ने शिकायत पुलिस व नगर निगम को की जिस पर संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर गेट को हटवाया गया और गेट को जब्त कर लिया गया। मौके पर सहायक अभियंता गणेशी लाल, कर अधीक्षक संजय कुमार, अवर अभियंता निर्माण विनोद कुमार, राजस्व निरीक्षक प्रमोद रावल एवं संगीता सिंह आदि मौजूद रहे।

### मसूरी में ऐतिहासिक मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर



गाजियाबाद,करंट क्राइम। मसूरी, कुशलिया, नाहल, ढबारसी जेल मार्ग जो कई ग्रामों को जोड़ता है, का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। फिलहाल, ग्राम मसूरी कन्या इंटर कॉलेज मसूरी खेल मैदान से होते हुए 350 मीटर लंबा और 7 मीटर चौड़ा मार्ग बन रहा है। इस मार्ग के 250 मीटर के हिस्से का निर्माण क्षेत्र पंचायत सदस्य मुंशी नजर मोहम्मद, नोशेर अली, सहीमुद्दीन खैराती, यामीन अफसर, मोहसिन, रिजवान, आरिफ, और मारूफ के अथक प्रयासों और ब्लॉक प्रमुख रजापुर राहुल चौधरी के सौजन्य से हो रहा है। शेष 100 मीटर का निर्माण ग्राम प्रधान शहजाद चौधरी और ग्राम पंचायत सदस्यों के प्रस्ताव पर किया जा रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के निवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह ग्रामीणों के आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस ऐतिहासिक परियोजना के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और ग्रामवासियों ने मिलकर प्रयास किया है, जो स्थानीय विकास और समृद्धि का प्रतीक है।

## मुरादनगर नगर पालिका क्षेत्र में 12 जुलाई तक चलेगा प्लास्टिक उन्मूलन अभियान







**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद व महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान मुरादनगर के संयुक्त तत्वावधान में 1जुलाई से 12जुलाई तक प्लास्टिक उन्मूनन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गत 1 जुलाई को झोला बैंक का उद्धघाटन अंबेडकर पार्क में लोगों को झोला बांटकर किया गया। 2 जुलाई को शपथ ग्रहण व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। 3 जुलाई को प्लास्टिक मुक्त एरिया वार्ड नंबर 15 को घोषित किया गया। 4 जुलाई को सेल्फी प्वाइंट गंगनहर पर बनाया गया। 5 जुलाई को नगरपालिका परिसर में सोशल मीडिया सहभागिता प्रोग्राम किया गया। जिसमें पत्रकारों को सम्मानित किया गया। आज 6 जुलाई को स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से प्लास्टिकमुक्त अभियान चलाया जाएगा। 7 जुलाई को पॉलिथीन जब्त अभियान चला जायेगा।

8 जुलाई से 12 जुलाई तक स्कूलों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य कराया जाएगा जिसके तहत शपथ रैली, साइकिल रैली, पदयात्रा आदि कार्यक्रम किये जाएंगे। सोशल मीडिया सहभागिता प्रोग्राम में डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी, अरविंद कुमार डीपीएम, अनिल शर्मा एसआई, दुर्गेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान ब्रांड एम्बेसडर, मंजीत सिंह एस आई पिंक बूथ प्रभारी मुरादनगर, आदि मौजूद रहे।

# लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने कीर स्टार्मर को दी बधाई

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव के लिए मतदान के बाद नतीजे जारी किए गए। मतदान के बाद जारी किए गए नतीजों में लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। उन्होंने 400 का आंकड़ा पार किया। लेबर पार्टी की इस शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की आशा करते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ब्रिटेन के आम चुनाव में उल्लेखनीय जीत के लिए कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

लेबर पार्टी के 400 का आंकड़ा पार करने के बाद अब कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। कीर स्टार्मर ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश के लोग परिवर्तन के लिए तैयार हैं और दिखावे की राजनीति को खत्म करने के लिए उन्होंने मतदान किया है।



### पीएम मोदी ने की ऋषि सुनक की सराहना

पीएम मोदी ने निवर्तमान प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ब्रिटेन में आपके सराहनीय नेतृत्व और अपने कार्यकाल के दौरान भारत-ब्रिटेन के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए ऋषि सुनक को धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

होलबोर्न और सेंट पैनक्रास सीटों से जीतने के बाद अपने विजय भाषण में 61 वर्षीय स्टार्मर ने कहा, चाहे लोगों ने उन्हें वोट दिया हो या नहीं, मैं इस निर्वाचन क्षेत्र के हर व्यक्ति की सेवा करूंगा। मैं आपके लिए बोलूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपकी लड़ाई लड़ूंगा। अब समय आ गया है कि हम अपना काम करें। बता दें कि कीर स्टार्मर ने अपनी पारंपरिक होलबोर्न सीट से और सेंट पैनक्रास सीट से जीत हासिल की। वहीं निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रिचमंड सीट से जीत हासिल की।

# 12 जुलाई को नेपाल में विश्वास मत, डेढ़ साल में पांचवी बार प्रधानमंत्री प्रचंड करेंगे सामना

**नेपाल।** नेपाल में सत्ता का संकट बरकरार है। दो दिन पहले सत्ताधारी दल की सहयोगी पार्टी सीपीएन-यूएमएल ने समर्थन वापस लिया और कैबिनेट के आठ मंत्रियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया था। इससे पहले नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को पद छोड़ने का आग्रह किया था।

नेपाल में पिछले 16 सालों में 13 बार सरकार बनी और गिरी है। जो देश की खराब राजनीतिक प्रणाली की नाजुक पहलू को दशार्ता है। देश के मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से इसी हफ्ते सत्ता दो प्रमुख गठबंधन सहयोगियों से समर्थन खो दिया था। जिसके बाद ये घोषणा की गई कि प्रधानमंत्री प्रचंड आगामी गुरुवार 12 जुलाई को संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए तैयार हैं।

### प्रधानमंत्री प्रचंड ने इस्तीफे से किया था इनकार

इससे पहले, प्रधानमंत्री प्रचंड ने घोषणा की थी कि वो सबसे बड़ी पार्टी के आठ कैबिनेट मंत्रियों के इस्तीफे के बाद पद नहीं छोड़ेंगे और इसके बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करेंगे। उन्होंने ये घोषणा नेपाली कांग्रेस (एनसी) के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन यूएमएल) के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली के नए एनसी-यूएमएल गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई।



### नेपाल की संसद में क्या है सीटों का समीकरण?

नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड की पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-माओवादी सेंटर (सीपीएन एमसी) के पास 32 सीटें हैं। वहीं निचले सदन में 10 सीट वाली सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (सीपीएन-यूएस) ने कहा है कि वह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार के पक्ष में मतदान करेगी।

इसके बावजूद, प्रधानमंत्री प्रचंड को संसद के केवल 63 सदस्यों का ही समर्थन प्राप्त है। जबकि सरकार को सदन में विश्वास मत जीतने के लिए 138 वोटों की जरूरत है।

### प्रधानमंत्री प्रचंड ने विश्वास मत का चुना विकल्प

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री प्रचंड ने संसद सचिवालय को एक पत्र भेजा है, जिसमें मतदान की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री दहल ने देश की संविधान के अनुच्छेद 100(2) के तहत विश्वास मत के लिए जाने का विकल्प चुना है, जिसमें कहा गया है कि 'अगर प्रधानमंत्री जिस राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हैं, वह विभाजित है या गठबंधन सरकार में कोई राजनीतिक दल अपना समर्थन वापस ले लेता है, तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के अंदर संसद में विश्वास मत के लिए प्रस्ताव पेश करना चाहिए।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन ताइवान की सीमा में फिर भेजे सैन्य विमान

**चीन।** चीन ताइवान पर कब्जा करने के लिए लगातार घुसपैठ करता रहता है। पिछले कुछ महीनों से उसने ताइपे के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियों को बढ़ा दिया है। हाल ही में चीनी तटरक्षकों ने मछली पकड़ने वाली ताइवानी नाव को जब्त कर लिया था। वहीं, अब शुक्रवार को एक बार फिर बीजिंग की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की।



### विमान दिखाई दिए

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे ताइवान के आसपास चीनी सैन्य विमान देखे गए। सेना ने बताया कि जे-16 लड़ाकू विमानों सहित 26 चीनी सैन्य विमानों को देखा गया।चीनी विमान ताइवान के उत्तर, मध्य और दक्षिणी हिस्से में हवाई क्षेत्र में गए। इसके जवाब में ताइवान ने चीन की गतिविधि की निगरानी के लिए विमान, नौसैनिक जहाजों और वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

### चीन का नहीं आया बयान

ताइपे ने इस महीने की शुरूआत से द्वीप के पास कम से कम 127 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया है। चीन के रक्षा मंत्रालय फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की है।

### मछुआरों को किया सतर्क

ताइवान के प्रधानमंत्री चो जुंग-ताई ने शुक्रवार को कहा कि मछुआरों को सतर्क रहने के लिए कह दिया है। उनसे कहा है कि ऐसा कुछ भी नहीं करें, जिसे अवैध माना जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, 'साथ ही, मैं चीन से कहना चाहता हूं कि वह तनाव न बढ़ाए।'

# शी चिनफिंग की ताजिकिस्तान यात्रा शुरू




**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने गुरुवार को विशेष विमान से दुशांबे पहुंचकर तजाकिस्तान की राजकीय यात्रा शुरू की। ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन, उच्च सदन के अध्यक्ष रुस्तम इमोमाली और विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन आदि ने दुशांबे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शी चिनफिंग का स्वागत किया। इस मौके पर शी चिनफिंग ने लिखित भाषण दिया और ताजिकिस्तान की सरकार और जनता को शुभकामनाएं दीं।

शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और ताजिकिस्तान एक दूसरे की मदद करने वाले अच्छे पड़ोसी हैं, एक दूसरे का समर्थन करने वाले अच्छे दोस्त हैं, आपसी लाभ और समान जीत वाले अच्छे साझेदार हैं और एक दूसरे के प्रति ईमानदारी दिखाने वाले अच्छे भाई हैं। कूटनीतिक संबंधों की स्थापना के बाद पिछले 32 सालों में चीन-ताजिकिस्तान संबंधों का सतत, तेज और स्वस्थ विकास कायम रहा। द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे, जो पड़ोसी देशों के बीच संबंधों की आदर्श मिसाल बने। दोनों देशों के बीच आपसी राजनीतिक विश्वास मजबूत है। मूल हितों के मामलों पर दोनों देश हमेशा एक दूसरे का दृढ़ समर्थन करते हैं। बेल्ट एंड रोड के समान निर्माण में दोनों देशों को सहयोग की व्यापक उपलब्धियां मिलीं। आशा है कि राष्ट्रपति रहमोन के साथ नयी स्थिति में चीन-ताजिकिस्तान संबंधों के विकास की नयी योजना बनायी जाएगी, ताकि हमारे बीच चतुमुर्खी सहयोग और ऊंचे स्तर पर पहुंच सके।

# शी चिनफिंग ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से मुलाकात की

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शांगहाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान अस्ताना में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। शी चिनफिंग ने कहा कि वर्तमान में दुनिया में परिवर्तन तेज हो रहे हैं और मानव जाति अभूतपूर्व अवसरों और चुनौतियों का सामना कर रही है। संयुक्त राष्ट्र बहुपक्षवाद का अभ्यास करने और वैश्विक शासन को बढ़ावा देने के लिए मुख्य मंच है।

इसके प्रभाव को केवल मजबूत किया जा सकता है, कमजोर नहीं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अंतर्राष्ट्रीय स्थिति कैसे बदलती है, चीन हमेशा सच्चे बहुपक्षवाद का पालन करता है और अंतर्राष्ट्रीय मामलों में केंद्रीय भूमिका निभाने में संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करता है। दुनिया के सभी देश साझा भविष्य वाला एक समुदाय हैं जो सुख और दुःख साझा करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना चाहिए। महासचिव गुटेरेस ने कहा कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय तंत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के विकास और परिवर्तनों के अनुकूल बनाने के लिए सुधार की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचागत समायोजन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वैश्विक प्रशासन को बढ़ावा देने, वैश्विक प्रशासन को अधिक निष्पक्ष और उचित बनाने और विकासशील देशों के आम विकास के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने को तैयार है।



# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा विस्फोट में 3 की मौत, 8 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। वहां की पुलिस के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। खैबर पख्तूनख्वा पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में हिंसा से ग्रस्त प्रांत है। यह विस्फोट प्रांत के मर्दन जिले के तख्त-ए-बही इलाके में एक पुल पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट में पुलिसकर्मियों सहित आठ अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी मर्दन जहूर बाबर अफरीदी ने मीडिया को इस बारे में जानकारी दी।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, उन्होंने कहा कि विस्फोट का निशाना पुलिस अधिकारी ही थे। विस्फोट तब हुआ, जब पुलिस का एक वाहन पुल के ऊपर से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुल पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाया गया था। विस्फोट के बाद बचाव दल, पुलिस और सुरक्षा बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को पास के अस्पताल ले गए । इलाके की घेराबंदी कर दी गई है, जबकि अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले गुरुवार को प्रांत के बाजौर जिले में हुए विस्फोट में सीनेट के एक पूर्व सदस्य समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# पहली बार ऑस्ट्रिया के दौरे पर जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

### चांसलर और राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रिया के चांसलर के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 09 और 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया का दौरा करेंगे। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली ऑस्ट्रिया की यात्रा होगी। ऑस्ट्रिया और भारत के मध्य 40 साल बाद प्रधानमंत्री स्तर की यात्रा होने जा रही है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने औपचारिक स्वागत के अलावा ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से भी मुलाकात करेंगे।

ऑस्ट्रिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के साथ-साथ उच्च स्तरीय व्यापारिक भागीदारी से जुड़ी बैठकों में हिस्सा लेंगे।

# इमरान खान ने फवाद चौधरी से मिलने से किया इनकार

## पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रवक्ता हसन ने दी जानकारी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने पूर्व पीटीआई नेता और पूर्व संघीय मंत्री फवाद चौधरी से जेल में मिलने से इनकार कर दिया है। इसकी जानकारी एआरवाई न्यूज द्वारा सामने आई है। एआरवाई न्यूज के कार्यक्रम 'ऑफ द रिकॉर्ड' में पीटीआई प्रवक्ता रऊफ हसन ने कहा कि फवाद चौधरी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलना चाहते थे, लेकिन खान ने मिलने से इनकार कर दिया। एआरवाई न्यूज के अनुसार, उन्होंने दावा किया कि पीटीआई सदस्य अली जैदी, इमरान इस्माइल और फवाद चौधरी को पार्टी से निकाले जाने के पीछे के कारणों से अवगत हैं।



रऊफ हसन ने कहा, हमें किसी की वापसी का डर नहीं है, लेकिन एजेंडा महत्वपूर्ण है। इससे पहले, पीटीआई के पूर्व नेता फवाद चौधरी ने दावा किया था कि लोगों के एक छोटे समूह ने नियंत्रण हासिल कर लिया और रऊफ हसन जैसे नए लोगों को पार्टी में शीर्ष पदों पर पदोन्नत किया। एआरवाई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, पूर्व मंत्री ने घोषणा की कि वह पीटीआई का हिस्सा बने रहेंगे। एआरवाई न्यूज के अनुसार, फवाद चौधरी ने कहा था, अगर मैंने पार्टी छोड़ दी होती तो मैं आज फॉर्म 47 के आधार पर मंत्री होता। फवाद चौधरी ने कहा कि उन्हें इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया था, उन्होंने कहा कि वह अपनी मर्जी से आईपीपी के समारोह में नहीं गए थे। फवाद चौधरी को निकाला गया था पार्टी से बाहर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सबसे ज्यादा करीब माने जाने वाले नेता फवाद चौधरी को पार्टी से बाहर निकाल दिया गया है। पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ ने एक साल पुराने मामले पर उन पर एक्शन लिया है। पार्टी ने पूर्व मंत्री रहे फवाद चौधरी को हटा दिया है। फवाद ने पिछले साल 9 मई की हिंसा के बाद राजनीति से ब्रेक ले लिया था। हालांकि, उन्होंने पार्टी नहीं छोड़ी थी।

अब पार्टी ने उन पर यह एक्शन लिया। अ फ न्यूज के मुताबिक, पीटीआई के सेंट्रल इन्फॉर्मेशन सेक्रेटरी रऊफ हसन ने कहा कि फवाद चौधरी के अलावा इमरान इस्माइल और अली जैदी को भी पार्टी से निकाल दिया गया। यह फैसला पार्टी ने सुप्रीमो इमरान खान के आदेश के बाद लिया गया। रिपोर्ट की मानें तो पीटीआई की कोर कमेटी ने एक प्रस्ताव भी पास किया है, जिसके मुताबिक अब कभी भी इन मंत्रियों की पार्टी में वापसी नहीं होगी।

# रूसी सेना में जबरन भारतीयों की भर्ती मंजूर नहीं: जयशंकर

**अस्ताना।** एस जयशंकर ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय वार्ता के दौरान इस मुद्दे को बहुत स्पष्ट और दृढ़ता से उठाया। कई भारतीयों को रूसी सेना में काम में लगाया गया है। जब वे वापस आएंगे तभी हमें पूरी सच्चाई का पता चलेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कजाखस्तान के अस्ताना में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष क्षेत्र में फंसे भारतीयों का मुद्दा उठाया। वहीं, उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की आगामी रूस यात्रा के बारे में भी बताया।



### बहुत स्पष्ट और दृढ़ता से उठाया

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने लावरोव के समक्ष फंसे हुए भारतीयों का मुद्दा उठाया, इस पर जयशंकर ने कहा, 'मैंने द्विपक्षीय वार्ता के दौरान इस मुद्दे को बहुत स्पष्ट और दृढ़ता से उठाया। कई भारतीयों को रूसी सेना में काम में लगाया गया है। जब वे वापस आएंगे तभी हमें पूरी सच्चाई का पता चलेगा। मगर परिस्थितियां जो भी हों, हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि हमारे लोग किसी किसी दूसरे देश की सेना की ओर से युद्ध क्षेत्र में हैं। मैंने उनसे कहा कि हम उनका सहयोग चाहते हैं और वे हमारे मित्र और भागीदार हैं। हमें कोई रास्ता निकालना होगा, जिससे हमारे लोग जल्द से जल्द और प्रभावी तरीके से भारत लौट सकें।' विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि लावरोव ने इस बात की भी सराहना की और भारतीय विदेश मंत्रालय इस संबंध में रूसी रक्षा मंत्रालय से बात कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे आग्रह किया कि हमें और मजबूत फॉलोअप की जरूरत है। मैंने इसे उठाया है और मैं इसे मुद्दे पर तबतक बात जारी रखने का इरादा रखता हूं जब तक कि हमारे सभी लोग वापस नहीं आ जाते।'

### पीएम मोदी की मॉस्को यात्रा पर जयशंकर

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी रूस यात्रा पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह दोनों नेताओं के लिए दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों पर एक-दूसरे से सीधे बातचीत करने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने आगे कहा, 'हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन में थोड़ी देरी हुई है। यह एक अच्छी परंपरा है। हम दो देश हैं जिनका एक साथ काम करने का मजबूत इतिहास रहा है।

हमने वार्षिक शिखर सम्मेलन की आवश्यकता को महत्व दिया। पिछले साल जब मैं मॉस्को गया था, तो मैं प्रधानमंत्री का संदेश लेकर आया था कि हम वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम इसे जल्द करेंगे।' उन्होंने कहा, 'यह किसी भी रिश्ते का जायजा लेने का एक तरीका है। सबसे बड़े बदलावों में से एक यह है कि रूस के साथ हमारे आर्थिक संबंध जबरदस्त रूप से बढ़े हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का एक-दूसरे से सीधे बात करने का एक शानदार अवसर होगा।'

एस जयशंकर मंगलवार को एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अस्ताना पहुंचे थे। कजाकिस्तान के उप विदेश मंत्री अलीबेक बाकायेव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद जयशंकर ने कजाकिस्तान के विदेश मंत्री मूरत नुरतुलू से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की थी।

### दो भारतीय नागरिकों की हुई थी मौत

आपको बता दें कि विदेश मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में दो भारतीय नागरिकों की मौत हुई। दोनों नागरिक रूस की सेना में नियुक्त किए गए थे। एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि विदेश मंत्रालय ने उन सभी भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी पर जोर दिया गया, जो रूसी सेना में कार्यरत हैं।

# इजराइल ने वेस्ट बैंक में तीन बस्तियों और हजारों घरों के निर्माण को दी मंजूरी

**यरूशलेम।** इजरायल की सरकार ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर कई अवैध बस्तियों में इसके साथ ही फिलिस्तीनी क्षेत्र में तीन नई बस्तियों को भी मान्यता दी गई है। इजरायली एनजीओ पीस नाउ ने गुरुवार को इस कदम की सूचना दी। वहीं, एक दिन पहले समूह ने कहा था कि इजरायल की सरकार ने तीन दशकों से अधिक समय में पश्चिमी तट पर सबसे बड़ी भूमि जब्ती को मंजूरी दी है। नई बस्तियों को मंजूरी पीस नाउ द्वारा रिपोर्ट किए जाने के ठीक एक दिन बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि इस साल अब तक इजरायल ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में लगभग 23.7 वर्ग किलोमीटर (9.15 वर्ग मील) भूमि को अपना घोषित किया है, जिसे समूह ने अभूतपूर्व दर बताया है। इसमें पिछले महीने के अंत में जॉर्डन घाटी में 12.7 वर्ग किलोमीटर (4.9 वर्ग मील) भूमि को जब्त करने की मंजूरी भी शामिल है। पश्चिमी तट के जेनिन पर इजरायली हमले में चार फिलिस्तीनी मारे गए, मंत्रालय ने कहा इजरायली हमले में 4 फलस्तीनियों की मौत फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिमी तट के जेनिन शहर पर इजरायली सैन्य हमले में चार फलस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उसके बलों ने एक इमारत को घेर लिया है, जहां आतंकवादियों ने खुद को घेर रखा था और एक इजरायली विमान ने क्षेत्र में टारगेट पर हमला किया।



### फैसले के बाद बढ़ सकता है तनाव

अब नई स्वीकृतियों के कारण तनाव और अधिक बढ़ने की संभावना है, क्योंकि गाजा में इजरायल के जारी युद्ध के बीच, कब्जे वाले पश्चिमी तट पर फलस्तीनियों को इजरायली सेना और बसने वालों के बढ़ते हमलों का सामना करना पड़ रहा है। पीस नाउ ने गुरुवार को एक बयान में कहा, हमारी सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक में खेल के नियमों को बदलना जारी रखे हुए है, जिससे अपूरणीय क्षति हो रही है। इस बयान में उसने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच की निंदा की। पश्चिमी तट पर 100 से ज्यादा बस्तियों में 500,000 से ज्याजा इजरायली नागरिक रहते हैं।

# दैनिक करंट क्राइम डिजिटल टीम से की कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुलाकात




























**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा शुक्रवार को दैनिक करंट क्राइम के नोएडा स्थित डिजिटल मुख्यालय में पहुंचे। दैनिक करंट क्राइम डिजिटल मुख्यालय पहुंचने पर संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी तथा डिजिटल हैड दीपक जौशी ने उनका स्वागत किया। यहां पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने डिजिटल टीम के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने विभिन्न मुद्दो पर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी से आमना-सामना में खुलकर बात की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विभिन्न मुद्दो पर अपनी राय भी रखी।




क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं एक बात कर रहा हूं बहुत दिनों से नोट? अगर भगवा कमांडर ने बात को नहीं संभाला तो उनके आस-पास नजर आने वाले त्यागी और बीपबीप वाले चेहरे दे देंगे एक दूसरे को चोट? मैं देख रहा हूं जब भी ये आमने-सामने आते हैं, निकालते है तब एक दूसरे में खोट? दोनों के बीच में जल रही है प्रतिशोध की ज्वाला? अगर बात को नहीं संभाला तो लाईफ हो जायेगी झिंगालाला?

क्यों कहा कहने वाले ने कि किसान वाले भगवा शर्मा जी इन दिनों अपने चेहरे को देखकर खा रहे हैं बहुत ज्यादा गुमान? अपने चेहरे की दाढ़ी पर हाथ फेरते हैं और खींचते हैं साथ वाले का ध्यान? कहते हैं देखो लगता है ना मेरा मोदी जी वाला लुक? आज नहीं तो कल मैं रोके से नहीं रूकुंगा रूक? कभी ना कभी तो मारूंगा मैं महानगर अध्यक्ष वाला हुक? सुना है इस बात को तमाम कार्यकर्ताओं ने सुना है? जब जज्बातों में बहे शर्मा ने खोला था अपना मुख?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जब फूंका भगवा युवा फ्रंट वालों ने राहुल जी का पुतला? तब हमें लगा कि मिस्टर डेढ़ा को उनकी ही टीम येढ़ा बनाकर खिला रही थी पेड़ा? सिर्फ चार पांच कार्यकर्ता ही उनके साथ इस फूंकन वाली कार्यवाही में नजर आ रहे थे? अकेले-अकेले से नजर आ रहे थे मिस्टर डेढ़ा? क्या चुनाव के बाद कमजोर हो गया है डेढ़ा जी की मजबूत टीम का संदेश? या फिर पहलवान की मोहब्बत में बना ली है अधिकतर टीम के लोगों ने स्पेस?

क्यों कहा कहने वाले ने कि ये तो शुक्र है कि डेढ़ा भैया को मिल गया पुतला फूंकन वाली कार्यवाही में ओबीसी और किसान मोर्चा का साथ? शुक्र है कुछ पार्षद भी मौके पर आ गये, नहीं तो खराब हो जाती डेढ़ा भईया की बात? हमें लग रहा है कि उनकी टीम ही बना रही है उनकी घर वापसी की योजना? अब इस बारे में डेढ़ा भईया ही गहराई से सोचें? हम इस बारे में ज्यादा नहीं चाहते हैं सोचना?

क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर टीम की मैडम भगवा सिंह इन दिनों मोर्चा वाली त्यागी दीदी की तारीफ में कर रही हैं बहुत ज्यादा ब्लिंग? करती हैं वो जगह-जगह पर त्यागी मैडम का गुणगान? कहती हैं संगठन की राजनीति में मैंने आपका ध्यान रखा है? मुझे उम्मीद है कि चुनाव वाली राजनीति में आप रखेंगी मेरा ध्यान? आप जरूर लगाओगी मेरे पक्ष में पुकार? अगर हो गई महिला सीट, मुझे पता है आप का साथ मिलेगा मुझको अपार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रास वाले एरिया के भगवा कमिश्नर की नहीं सुन रही हैं ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि बात? ऐसे शब्द हमने कार्यकर्ताओं के मुख से निकलते हुए देखे हैं साहब? कहने वाले कह रहे हैं कि भगवा कमिश्नर को ताकतवर मैडम ने कर दिया है स्पष्ट? कह दिया है तुम्हारे कहने पर कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा? भले ही हो तुमको कितना ही कष्ट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम कार्यकारिणी के पर्चीं वाले सीन में शर्मा जी का यूं काम होगा तमाम? हमने तो ऐसा सपने में भी नहीं सोचा था श्रीमान? उनका विकेट गिरने से बजी है कईयों के दिल में ताली? क्योंकि यहां पर कार्यकारिणी के साथ-साथ हो गया है उपाध्यक्ष वाला पद खाली? सुना है इस पद को पूरी शीतलता से किंग सिटी वाले चौधरी से भरा जायेगा? राह में कोई कितने ही रोड़े डालने की सोचे? अगर ले लिया ताकतवर लेडी ने निर्णय, तो फिर किसी से कुछ भी नहीं करा जायेगा?

क्यों कहा कहने वाले ने कि वोटिंग को लेकर हो रही थी तरह तरह की बात? हमने तो जिंदगी में पहली बार सुनी ठंडी पर्ची और गर्म पर्ची वाली बात? कहने वाले कह रहे थे कि पर्ची वाले गेम में ठंडी और गर्म पर्ची का हुआ है इस्तेमाल? जिसको निकालने की योजना थी वो पूरे स्मार्टनेंस से दिया गया है निकाल? अब जिसको लगाना हो इस सवाल पर लगाये दिमाग? हमने तो बस ठंडी और गर्म पर्ची वाली बात पहुंचानी थी आपके पास?

क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई ये ना समझे कि उपाध्यक्ष पद से हटते ही खत्म हो गया है राजीव भईया का गेम? अब जीडीए बोर्ड मैम्बर को लेकर पहले से मजबूत हो गया है उनका क्लेम? पर्ची वाली गेम में मिलेगी उन्हें पूरी सिम्पैथी? जब होगी बोर्ड मैम्बर के नाम पर चर्चा? तब पूरी गंभीरता से चर्चा में रहेगा यह नाम? इसलिए वो चेहरे अपनी हंसी को थामकर रखें, जिन्होंने राजीव भईया का गेम खत्म मान लिया है श्रीमान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के खरीखोटी बात कहने वाले एक मैम्बर ने ओपनली तान दिया रितूड़ी पर निशाना? कह दिया तुम ही वो शख्स थे जो चाहते थे मुझको हराना? इस बात को सुनकर रितूड़ी हो गये हैरान? कह दिया क्यों झूठे आरोप लगा रहे हो श्रीमान? खरीखोटी बात सुनाने वाले मैम्बर ने यहां भी नहीं लिये ब्रेक? कहा अपने बलबूते पर जीता हूं मैं चुनाव? क्यों श्रेय ले रहे हो आप फेक?

**नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने एक पौधा मां के नाम रोपा



साहिबाबाद, करंट क्राइम। वार्ड 72 वैशाली सेक्टर-1 के माधव पार्क में पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अवधेश कटियार, शिव शंकर उपाध्याय, केएल शर्मा, वीर सिंह चौहान, रजनीश, एसके सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे। मनोज गोयल ने कहा पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे।

## पूर्व चेयरमैन रीना भाटी ने लगाया एक पौधा मां के नाम



साहिबाबाद, करंट क्राइम। वन महोत्सव के अवसर पर खोड़ा की पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रीना गजेंद्र भाटी ने खोड़ा में पौधा रोपित किया। वर्तमान में वन विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम को आगे बढ़ाते हुए पूर्व चेयरमैन रीना भाटी ने कहा कि यह पौधा मैं माता के नाम रोपित कर रही हूं। इस अवसर पर रीना भाटी ने आम जनमानस से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि हम सब यह प्रण लें कि इस वर्षाकाल में एक पेड़ मां के नाम अवश्य रोपित करेंगे। पिछले दिनों भीषण गर्मी व बढ़े हुए तापमान को उन्होंने आने वाले भविष्य के लिए बड़ा खतरा बताते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की।

# राहुल गांधी का पुतला जलाने के विरोध में महानगर कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

### भाजपा लोकतांत्रिक परम्पराओं के खिलाफ कार्य कर रही है : विजय चौधरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने प्रदेश के राज्यपाल को सम्बाधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निवास पर संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंकने का विरोध करते हुए कहा है कि गत दिनों संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किया था। साथ ही नीट यूजी की परीक्षाओं में अनियमितताओं एवं पेपर लीक करने का मामला उठाकर भाजपा के झूठ का चेहरा देश की जनता के सामने उजागर किया था। विजय चौधरी ने कहा है कि राहुल गांधी द्वारा किये गये खुलासे से भाजपाई इतने तिलमिला गये कि उन्होंने हमारे नेता के फोटो को पुलिस व प्रशासन के संरक्षण में जलाने की नाकाम कोशिश की। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा है कि इतने पर भी भाजपाइयों को संतुष्िअ नहीं मिली तो इन्होंने कांग्रेस के यूपी अध्यक्ष अजय राय के वाराणसी स्थित पुश्तैनी मकान, जहां उनके परिजन रहते हैं वहां पुलिस के संरक्षण में राहुल गांधी के फोटो को जलाने की कोशिश की। श्री चौधरी ने कहा है कि भाजपा लोकतांत्रिक परम्पराओं के खिलाफ जाकर कार्य




कर रही है। भाजपा का यह कृत्य अत्यंत निंदनीय एवं स्वच्छ राजनीति के विपरीत है। विजय चौधरी ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की धर्मपत्नी रीना राय द्वारा कांग्रेसजनों के साथ चेतनगंज थाने में एसीपी को असामाजिक तत्वों के खिलाफ तहरीर भी दी गई लेकिन वाराणसी पुलिस द्वारा उन लागों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। विजय चौधरी ने प्रदेश के राज्यपाल से अनुरोध किया है कि राहुल गांधी के चित्र को जलाने का असफल प्रयास करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाये।

## चिन्टू जी




2 कुंजन पंडित : चिंटू इशारों को अगर समझो, राज को राज रहने दो। राज की बात कह दूं तो, ना जाने हमारी महफिल में फिर क्या हो।




1 चिंटू जी : शर्मा एंड कंपनी के सबसे प्रिय कुंजन पंडित जी। किस खजूर के पेड़ की बात कर रहे हो? क्या किसी ने आपका वो ही तो नहीं बना दिया? क्या उम्मीदों का दिया तो नहीं बुझा दिया?

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट: चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां को प्रथम देवता का दर्जा प्राप्त है। अगर जननी सुखी है तो जीवन खुशहाल रहेगा। देवेंद्र प्रमुख ने अपनी मां के साथ ये सेल्फी ली। एक तस्वीर जिसमे मां मुस्कुरा रही है तो यकीन मानिए जीवन खुशहाल है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।